
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24
website- www.dvpnews.in
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 233 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, शनिवार 09 मार्च 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जिस प्रकार अंधकार और प्रकाश दोनों इस धरती पर है, वैसे ही धर्म और अधर्म भी इस धरती पर है।

Observance and non-observance of religion both exit on this earth like light and darkness.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## 100 रुपए सस्ता हुआ एलपीजी सिलेंडर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के मध्यमवर्गीय परिवार को बड़ी राहत देते हुए रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपए की कटौती की घोषणा की। यह घोषणा खुद पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट के जरिए की है। पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट में लिखा- 'आज महिला दिवस पर हमारी सरकार ने एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 100 रुपए की कटौती करने का फैसला किया है। इससे देश भर के लाखों परिवारों पर वित्तीय बोझ काफी कम हो जाएगा, खासकर हमारी नारी शक्ति को फायदा होगा। यह कदम पर्यावरण संरक्षण में भी मदद बनेगा, जिससे पूरे परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर होगा। उन्होंने कहा- 'खाना पकाने की गैस को और अधिक किफायती बनाकर हमारा उद्देश्य परिवारों की भलाई का समर्थन करना और एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना भी है। यह महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके जीवनयापन को आसान बनाने में हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।'

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
PRP तकनीक द्वारा गंजेपन का इलाज
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9424201700

**मुख्यमंत्री ने 118.24 करोड़ रुपए की लागत के 154 विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास किया**

# मोदी की गारंटी के अनुरूप प्रदेश के किसानों और माताओं को जल्द मिलेगी राशि : विष्णुदेव साय



### गौ-पालक एवं गौ-रक्षक के विशेष परिधान और खुमरी पहनाकर किया मुख्यमंत्री का अभिनंदन

### कबीरधाम जिले के कुरूवा में साहू समाज सामाजिक सम्मेलन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा विकासखंड के ग्राम कुरूवा में आयोजित साहू समाज सामाजिक सम्मेलन, भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री के पहुंचने पर साहू समाज के पदाधिकारियों ने गौ-पालक एवं गौ-रक्षक के विशेष परिधान और खुमरी पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जिले में 118 करोड़ 24 लाख 16 हजार रुपए की लागत के 154 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कार्यक्रम में मछलीपालन और उद्यान विभाग की हितग्राही मूलक योजना अंतर्गत 1 करोड़ 50 लाख 30 हजार रूपए की सामग्री और हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सासंद श्री संतोष पांडेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, पूर्व विधायक अशोक साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट, कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव सहित समाज प्रमुख उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ग्राम कुरुवा में आयोजित साहू समाज सामाजिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी में आप लोगों ने विश्वास किया है और जो वादा किया है उसे पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रीमंडल के गठन हुए ढाई महीना हुआ है और इतने कम समय में मोदी के गारंटी को पूरा भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में 18 लाख परिवार को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृत दी। हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्मदिन सुशासन दिवस पर 02 वर्ष के बकाया धान के बोनस की राशि 3 हजार 716 करोड़ रूपए 12 लाख से अधिक किसानों के खाते में हस्तांरित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर किसानों से प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल के मान से 145 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की है। इस वर्ष 24 लाख 72 हजार किसानों ने धान को समर्थन मूल्य में बेचा है। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य की राशि किसानों के खाते में चली गई है और अब अंतर की 970 रुपए प्रति क्विंटल की राशि जल्द दी जाएगी, 24 लाख 72 हजार किसानों खाते में 13 हजार करोड़ की राशि का हस्तांतरण करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत 10 मार्च को 70 लाख 14 हजार महिलाओं के खाते में राशि अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी वादों को मोदी की गारंटी में पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ग्राम कुरुवा में आयोजित साहू समाज सामाजिक सम्मेलन कार्यक्रम में पहुंचने पर सर्वप्रथम कर्मा मैदान परिसर में स्थापित माता कर्मा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दंतेवाड़ा में की बड़ी घोषणाएं

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज दंतेवाड़ा में बड़ी घोषणाएं की है। बस्तर के सभी जिलों के मुख्यालयों में माँ दंतेश्वरी शक्ति केंद्र की घोषणा। कारली में शहीद स्मारक और अमर वाटिका। जवांगा एजुकेशन हब को उच्च सुविधायुक्त बनाने और स्पोर्ट सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। पालनार, बड़ेगुडरा में 100-100 सीटर कन्या छात्रावास, समेली, मड़कामिरास में 25-25 सीटर प्री मैट्रिक छात्रावास, जंगमपाल और मारजूम में 50-50 सीटर छात्रावास। बरगुम, कोटाली, नहाड़ी में आश्रम छात्रावास का पुनः निर्माण। जावंगा के नवीन महाविद्यालय का नामकरण वीरांगना मासक देवी। अरनपुर, रोंजे और गंजेनार में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र। संभाग के सातों जिलों में आवश्यकता अनुसार दो-दो उप स्वास्थ्य केंद्र। दंतेवाड़ा के फाल्गुन मड़ई के लिए दस लाख रुपये के लिए घोषणा।

## सुधा मूर्ति राज्यसभा के लिए मनोनीत, पीएम मोदी ने किया ऐलान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** इंफोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति की पत्नी, मशहूर लेखिका और समाजसेविका सुधा मूर्ति को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है। इसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर की। इसके साथ ही उन्होंने इसे नारी शक्ति का प्रमाण बताया।

सुधा मूर्ति देश की जानी-मानी शिक्षिका होने के साथ-साथ लेखिका भी हैं। इसके अलावा वह इंफोसिस फाउंडेशन की अध्यक्ष भी हैं। वरिष्ठ लेखिका और समाजसेविका सुधा मूर्ति को साल 2023 में राष्ट्रपति ने उनके सामाजिक कार्यों के लिए पद्म भूषण से नवाजा था। इसके पहले उन्हें साल 2006 में पद्मश्री से भी सम्मानित किया जा चुका है।

## छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना की पहली किस्त 10 मार्च को

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक और गारंटी का जल्द ही प्रदेशवासियों को लाभ देने जा रही है। महतारी वंदन योजना की पहली किस्त 10 मार्च को महिलाओं के खाते में हस्तांतरित की जाएगी।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को अपने एक्स पर लिखा, महतारी वंदन योजना की पहली किस्त 10 मार्च को खातों में हस्तांतरित की जाएगी। इस योजना से 70 लाख महिलाएं लाभान्वित होंगी।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रदेश में महतारी वंदन योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना अंतर्गत लगभग 70 लाख महिलाओं नेआवेदन किए हैं। योजना का कियान्वयन सुचारू रूप से सुनिश्चित किये जाने के लिए राज्य मुख्यालय के साथ-साथ प्रत्येक जिले में कंट्रोल रूप स्थापित करते हुए हेल्पलाईन नंबर जारी किया गया है, ताकि किसी भी महिला हितग्राही को कोई समस्या हो तो इस हेल्पलाईन नंबर पर फोन कर अपनी समस्या का निराकरण कर सके। महतारी वंदन योजना के तहत राज्य की महिलाओं को पूरे साल में सरकार की ओर से 12 हजार दिए जाएंगे। यह राशि हर माह हजार रुपए के हिसाब से मिलेगी।

## एनएमडीसी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हेल्थ टॉक का आयोजन किया



**हैदराबाद (विश्व परिवार)।** एनएमडीसी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर परमुख्यालय हैदराबाद में महिला कर्मचारियों के लिए एक हेल्थ-टॉक का आयोजन किया। अपोलो अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. साई लक्ष्मी ने महिला स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति जागरुकता विषय पर व्याख्यान दिया।

इस सत्र का उद्देश्य सर्वाइकल कैंसर और स्तन कैंसर सहित महिलाओं के लिए बढ़ती स्वास्थ्य चुनौतियों पर जागरूकता बढ़ाना था। डॉ. साई लक्ष्मी ने रोग को नियंत्रित करने केलिए समय पर रोग की पहचान तथा निवारक उपायों के साथ-साथ स्क्रीनिंग के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि श्री विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी) एनएमडीसी ने कहाकि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस आयोजन के अवसर पर समाज में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका का स्मरण होता है। वर्ष 2023 में महिला श्रम भागीदारी दर 37% यह स्पष्ट करती है कि भारत के 5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के विजन को प्राप्त करने में महिलाओं का योगदान उल्लेखनीय है।

डॉ. साई लक्ष्मी ने अपने व्याख्यान के दौरान कहा, कि भारतीय महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर और स्तन कैंसर सर्वाधिक पाया जाता है, इसलिए निवारक उपायों के बारे में जागरुक रहना महत्वपूर्ण है। एनएमडीसी द्वारा नि:शुल्क एचपीवी टीकाकरण प्रदान करने की पहल अनुशंसनीय है और यह शीघ्र रोकथाम में सहायक भी है। एचवाईबीआईजेड ने उद्योग क्षेत्र में अग्रणी महिलाओं के लिए ' आवार्ड -शो' का आयोजन किया। इस अवसर पर श्रीमती जी अनुपमा, महाप्रबंधक (वित्त एवं विशेष तकनीकी अधिकारी, अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक) और श्रीमती पी. शांति महाप्रबंधक (वाणिज्य) को वित्त श्रेणी में एचवाईबीआईजेडमहिला नेतृत्व पुरस्कार- 2024 प्रदान किया गया। यह निगम के वित्त एवं कार्यनीति प्रबंधन में इनके बहुमूल्य योगदान एवं बहुमुखी विशेषज्ञता को दर्शाता है जिससे निगम को महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल करने में सहयोग प्राप्त हुआ है।

# अल्प समय में हमने बड़े-बड़े फैसले लिए : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

**दंतेवाड़ा (विसं)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस और महाशिवरात्रि को बधाई देते हुए अपने सम्बोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि महिला दिवस तरह मनाएं इस पर खूब विचार किया तब बात समझ में आई कि आप सभी बस्तर जैसे क्षेत्र में अपनी जान का जोखिम उठाकर राज्य और देश की सुरक्षा के लिए तैनात हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश में नारियों का प्राचीन काल से ही सम्मान किया गया है। कहा जाता है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता: हमें बुद्धि चाहिए होती है तो हम माँ सरस्वती की पूजा करते हैं, हम धन और समृद्धि के लिए माता लक्ष्मी की पूजा करते हैं। आज देश के



सर्वोच्च पद पर महामहिम राष्ट्रपति के रूप में श्रीमती द्रौपदी मुर्मू विराजित हैं। महिलाऐं आज हर क्षेत्र में आगे हैं। बस्तर और सरगुजा का विकास हमारी प्राथमिकता है, इसके लिए हम पैसों की कोई कमी नहीं आने देंगे। हमारी सरकार को ढाई महीने होने जा रहा है, इतने अल्प समय में ही हम कई अहम् निर्णय लेते हुए मोदी जी की गारंटी को पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ा चुके हैं। 18 लाख से ज्यादा गरीब परिवार आवास से वंचित थे, हमने उन्हें आवास की स्वीकृति दी है। 12 लाख से ज्यादा किसानों को हमने 3716 करोड़ रुपए का दो साल का बकाया धान बोनस दिया। किसानों से किया वादा हमने पूरा किया।

## जया किशोरी, मैथिली ठाकुर और आरजे रौनक को मिला नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड




### प्रधानमंत्री मोदी ने कई युवा हस्तियों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारत मंडपम में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड प्रदान किए। नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड प्राप्त करने वालों में कथावाचक जया किशोरी लोकगायिका मैथिली ठाकुर, आरजे रौनक समेत कई युवाओं के नाम शामिल हैं।

कथावाचक जया किशोरी को बेस्ट क्रिएटर फॉर सोशल चेंज कैटेगरी में सम्मानित किया है। वहीं, लोकगायिका मैथिली ठाकुर को कल्चरल एंबेसेडर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। पीएम मोदी ने इस दौरान ड्रू हिक्स को भी सम्मानित किया। उन्होंने ड्रू हिक्स को सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार प्रदान किया। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह अवॉर्ड 20 कैटेगरी में दिए हैं। इनमें बेस्ट स्टोरीटेलिंग से लेकर The Disruptor of the year, सेलिब्रेटी क्रिएटर ऑफ द ईयर, ग्रीन चैम्पियन अवॉर्ड, बेस्ट क्रिएटर फॉर सोशल चेंज, मोस्ट इम्पैक्टफुल एग्री क्रिएटर, कल्चरल एंबेसेडर ऑफ द ईयर, इंटरनेशनल क्रिएटर अवॉर्ड, बेस्ट ट्रैवल क्रिएटर, स्वच्छ एंबेसेडर अवॉर्ड, द न्यू इंडिया चैम्पियन अवॉर्ड, टेक क्रिएटर अवॉर्ड, हेरिटेज फैशन आइकॉन अवॉर्ड, मोस्ट क्रिएटिव क्रिएटर (मेल एवं फीमेल), बेस्ट क्रिएटर इन फूड कैटेगरी, बेस्ट क्रिएटर इन एजुकेशन कैटेगरी, बेस्ट क्रिएटर इन गेमिंग कैटेगरी, बेस्ट माइक्रो क्रिएटर, बेस्ट नैनो क्रिएटर, बेस्ट हेल्थ एंड फिटनेस क्रिएटर कैटेगरी है।

## लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की पहली सूची जारी, छत्तीसगढ़ में 6 सीटों पर प्रत्याशी घोषित

**रायपुर (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस पार्टी ने छत्तीसगढ़ के उम्मीद्वारों की पहली सूची जारी कर दी है। जारी सूची के अनुसार कांग्रेस पार्टी ने छत्तीसगढ़ की 11 सीटों में से अभी सिर्फ 6 सीटों के लिए नामों की घोषणा की है। जिनमें रायपुर लोकसभा सीट से विकास उपाध्याय, दुर्ग से राजेंद्र साहू,राजनांदगांव से भूपेश बघेल,कोरबा से ज्योतसना महंत,महामसुंद से ताम्रध्वज साहू तथा जांजगीर-चांपा से शिव डहरिया को उम्मीद्वार बनाया गया है।

# रायपुर शहर के हृदय में स्थापित होने जा रहे नवीन जिन मंदिर श्री 1008 पुष्पदंत नाथ जिनालय का भूमि पूजन कार्यक्रम उत्साह पूर्वक सम्पन्न













**रायपुर (विश्व परिवार)।** शहर के मध्य में विधान सभा रोड स्थित सड्डू में एक नवीन जिनालय की परिकल्पना अब मूर्तरूप लेने जा रही है, जैन शास्त्रों में उल्लेख है कि पंचम काल के अंत तक जैन धर्म निरंतर चलता रहेगा और धर्म की बागडोर युवाओं के हाथों में रहेगी ऐसा ही कुछ चरितार्थ होते हुए दिख रहा है, जैन समाज के युवाओं ने समय की आवश्यकता को देखते हुए एक नवीन जिनालय बनाने का संकल्प लिया और उनके इस प्रण में आज प्राण प्रतिष्ठा की ओर पहला कदम रखते हुए नवम तीर्थंकर श्री पुष्पदंत नाथ भगवान के नवीन जिनालय के भूमि पूजन एवं शिलान्यास का कार्यक्रम दिनांक 8 मार्च, दिन शुक्रवार को आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य बाल ब्रह्मचारी संजीव भैया कटंगी, बाल ब्रह्मचारी सुनील भैया जबलपुर, बाल ब्रह्मचारी अंकित भैया जबलपुर के मंगल सानिध्य में सानंद संपन्न हुआ।

आयोजन के प्रारंभ में सर्वप्रथम श्री जिनेंद्र भगवान के अभिषेक कि क्रियाएं संपन्न हुई तत्पश्चात ब्रह्मचारी संजीव भैया जी के कुशल निर्देशन में श्री भक्तामर महामंडल विधान का आयोजन संपन्न हुआ तथा आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के जीवन की विभिन्न घटनाओं को याद करते हुए उन्हें समाज जन द्वारा विनयांजलि अर्पित की गई।

मंगल विधान के पश्चात भूमि पूजन एवं शिलान्यास का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसमें रायपुर एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों से पधारे धर्म प्रेमी जनों ने बड़ी तादाद में अपनी सामर्थ अनुसार दान देकर मंदिर निर्माण के इस पावन पुनीत अनुष्ठान में अपनी सहभागिता दर्ज कराई एवं सभी ने धातुओं की शिला आदि समर्पित कर विधि विधान पूर्वक मंदिर निर्माण की नीभ रखी।

श्री जैन मंदिर में मूल नायक भगवान श्री पुष्पदंत नाथ स्वामी की प्रतिमा विराजमान करने का सौभाग्य श्री राजीव जैन परिवार को प्राप्त हुआ, भगवान की वेदी निर्माण कराने का सौभाग्य श्री महेंद्र-श्री प्रशांत-श्री निशांत जैन बांझल परिवार को प्राप्त हुआ, श्री जिन मंदिर पर शिखर निर्माण कराने का सौभाग्य श्री कुलदीप जैन परिवार को प्राप्त हुआ साथ ही श्री जिनालय में 24 तीर्थंकर भगवानों की प्रतिमाएं स्थापित होना प्रस्तावित हैं जिसके लिए 24 पुण्यार्जक परिवारों ने अपने नामो जी घोषणा की।

कार्यक्रम में मुख्य रुप से मंदिर निर्माण में 11 ट्रस्टीयो की घोषणा हुई जिसमें श्री विनोद जैन बड़जात्या, श्री नरेंद्र जैन गुरु कृपा, श्री मनीष जैन बिलासपुर, श्री इंजी सुरेंद्र कुमार जैन, श्री राजीव जैन फूडफिलिक्स, श्री निशांत जैन सीए, श्री कुलदीप जैन,श्री आशुतोष जैन, श्री डॉक्टर राहुल जैन, श्री विकास जैन, श्री महेंद्र कुमार जैन आदि सम्मिलित हैं।

## ब्रेन ट्यूमर का 30 मिनिट में इलाज संभव



**नई दिल्ली ( विश्व परिवार )।** डॉ. प्रताप चन्द्रा रेड्डी अध्यक्ष अपोलो हॉस्पिटल और प्रोफेसर जॉन एडलर, फाउंडर एंड सीईओ जैप सर्जिकल सिस्टम अपोलो हॉस्पिटल ग्रुप ने जैप दास जायरोस्कोपिक रेडियो सर्जरी प्लेटफार्म का अनावरण किया।

दक्षिण एशिया में पहला जैप एक्स, ब्रेन ट्यूमर केयर उपचार में लाएगा क्रांति ब्रेन ट्यूमर का 30 मिनट में इलाज संभव है। पूरे दक्षिण एशिया में और कहीं नहीं, सत्र में ना कोई दर्द न किसी तरह का दुष्प्रभाव, ब्रेन ट्यूमर के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा तकनीक जैप एक्स नामक यह तकनीक सीधे तौर पर ट्यूमर को तोड़ने का करती है।

**फोटो- कमल नैन नारंग**

## लोकसभा आम निर्वाचन 2024 : पेड़ न्यूज व राजनीतिक विज्ञापनों पर एमसीएमसी की रहेगी पैनी नजर

### मीडिया इकाई के सदस्यों को बताई गई निगरानी की बारीकियां





**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर प्रकाशित होने वाले संदिध पेड़ न्यूज एवं राजनीतिक विज्ञापनों पर जिला स्तरीय मीडिया अनुप्रमाणन एवं निगरानी समिति के द्वारा कड़ी नजर रखी जाएगी। समिति अन्तर्गत विभिन्न मीडिया इकाइयों को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण में निगरानी की बारीकियों की जानाकारी दी गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री के. एल. चौहान ने निर्वाचन के दौरान एमसीएमसी की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए गंभीरतापूर्वक दायित्व निर्वाहन के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि मीडिया निगरानी के दौरान समाचार पत्रो में प्रकाशित समाचारों को ध्यान से एवं गंभीरतापूर्वक पढ़ें और संदिग्ध पेड़ न्यूज होने पर एमसीएमसी को सामग्री सहित रिपोर्ट दे। इसीप्रकार फेक न्यूज एवं आचार संहिता उल्लंघन के मामलों पर भी निगरानी रखनी है। निगरानी 247 रहेगी। सभी मीडिया इकाई अपने तय समय पर चौकस निगरानी रखें। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर श्री ललित कुमार ने एमसीएमसी की अवधारणा, गठन तथा कार्य, प्रिन्ट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया तथा एफएम रेडियों निगरानी के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि अभ्यर्थियों द्वारा नामांकन दाखिल करने के दिन से पेड़ न्यूज की निगरानी करना है। सोशल मीडिया इकाई द्वारा अभ्यथी द्वारा नामांकन पत्र में उल्लेखित सोशल एकाउंट के आधार पर पेड़ न्यूज एवं राजनीतिक विज्ञापनों की निगरानी की जाएगी। संदिध पेड़ न्यूज के मामले पर सम्बंधित अभ्यर्थी को संसदीय क्षेत्र के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा। अभ्यर्थी को नोटिस मिलने के 48 घंटे के अंदर जवाब देना होगा। जिला स्तरीय एमसीएमसी के निर्णय से असहमत होने पर अभ्यर्थी राज्य स्तरीय एमसीएमसी में अपील 48 घंटे के अंदर कर सकते हैं। यदि 48 घंटे के अंदर अभ्यर्थी के द्वारा नोटिस का जवाब नही दिया जाता तो एमसीएमसी अंतिम निर्णय लेगी। प्रशिक्षण में उप जिलानिर्वाचन अधिकारी श्री आर. आर. दुबे, एमसीएमसी नोडल अधिकारी श्री डी.एस.सिदार, सदस्य श्री एसएम पाध्ये सहित विभिन्न मीडिया इकाई के सदस्य उपस्थित थे।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर**
**अधीक्षक अभियंता कार्यालय, लोक कर्म. विभाग (मुख्यालय)**

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक/63/लो.क.वि./न.पा.नि./2024 रायपुर, दिनांक 07/03/2024

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्न कार्य हेतु श्रम आयुक्त कार्यालय, ई.पी.एफ. कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम में एकीकृत ठेकेदारों से कलेक्टर दर पर शासन द्वारा नियमानुसार निर्धारित पी.एफ. एवं ई.एस.आई.सी. जोड़कर दरें निर्धारित प्रपत्रों में तीन लिफाफा पद्धति पर लिफाफा "अ" में अमानती राशि तथा "ब" में सीलबंद निविदाएं नियमानुसार पृथक-पृथक लिफाफे में पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट से सीलबंद निविदाएं अधीक्षण अभियंता कार्यालय (लो.क.वि.) कक्ष क्रमांक 404, नगर पालिक निगम रायपुर के पते पर आमंत्रित की जाती है। कार्य की अमानत राशि का एफ.डी.आर. आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से मान्य होगा। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

1. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - दिनांक 19.03.2024 सायं 5:00 बजे तक।
2. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - दिनांक 26.03.2024 सायं 4:00 बजे तक।
3. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - दिनांक 26.03.2024 सायं 4:30 बजे तक।

**कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-**

| क्र. | कार्य विवरण | निविदा फार्म | आगणित राशि | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | अधीक्षण अभियंता कार्यालय (लो.क.वि.) हेतु 01 कम्प्यूटर ऑपरेटर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से कलेक्टर दर (परिवर्तनशील) पर उपलब्ध कराने का कार्य। | B | 224820.00 | 2300.00 | 750.00 | श्रम विभाग से पंजीकृत ठेकेदार/फर्म | 12 माह |

**नियम एवं शर्ते :- ( भाग 1 )**

01. निविदा संबंधित समस्त दस्तावेज तीन लिफाफा पद्धति पर आमंत्रित होकर तद्अनुसार ही प्रस्तुत की जानी होगी। **प्रथम लिफाफा** में राष्ट्रियकृत बैंक की ई.एम.डी./एफ.डी.आर./शपथ पत्र/ एवं समस्त दस्तावेज, **दुसरे लिफाफ** में सिर्फ निविदा प्रपत्र सील बंद कर **दोनो लिफाफा को तीसरे लिफाफे** में सील बंद कर निविदा रजिस्टर्ड / स्पीड पोस्ट द्वारा निर्धारित समयावधि में अधीक्षण अभियंता कार्यालय (लो.क.वि.) कक्ष क्रमांक- 404, नगर पालिक निगम रायपुर में प्रस्तुत करना होगा।
02. निविदा संबंधी समस्त अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर का होगा। विस्तृत जानकारी अधीक्षण अभियंता कार्यालय (लो.क.वि.) कक्ष क्रमांक- 404, नगर पालिक निगम रायपुर से प्राप्त की जा सकती है।
03. जीवित पंजीयत होना अनिवार्य है। 04. GST Registration, 05. GST Return last 3 month, 06. ITR last 3 years, 07. Bank Solvency Certificate, 08. Pan card संबंधी दस्तावेज भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**नियम एवं शर्ते :- ( भाग 2 )**

1. नये पंजीकृत ठेकेदार/फर्म हेतु GST Registration तिथि के अनुसार GST Return last Month का देना होगा।
2. नये पंजीकृत ठेकेदार/फर्म पंजीयन तिथि के अनुसार I.T.R. एक साल का मान्य होगा।
3. निविदा फार्म कार्यालय से उपलब्ध होगा। शेष नियम एवं शर्तें यथावत रहेगी।

**घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें**

**कार्यपालन अभियंता**
नगर पालिक निगम,
रायपुर


### जिला पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

## बेटियों को झांसी की रानी बनकर अन्याय से लड़ना है : एसपी



**जशपुर नगर ( विश्व परिवार )।** जिला पुलिस के तत्वावधान में शुक्रवार को वशिष्ठ कम्युनिटी हॉल जशपुरनगर हॉल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान जिले भर की महिलाएं शामिल थीं। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। सामाजिक जागरुकता के लिए के लिए महेश यादव, महेश पैंकरा, अंकित पैंकरा, अंशुल प्रधान, सचिन टोप्पो, जटाशंकर, कुशुम, स्नेहा, अंजु खाखा, करीना ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इसके पश्चात एसपी शशिमोहन सिंह द्वारा शार्ट मूवी दिखया गया। एसपी सिंह ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा आज महिलाएं चूल्हे चौकी तक ही सीमित नही रहीं, वह काफी आगे बढ़ चुकी है, वह देश की तरक्की में योगदान दे रही। महिलाओं के सम्मान में प्रति वर्ष 8 मार्च को देश भर में मनाया जाता है। इसी कड़ी में आज जिला मुख्यालय में महिला दिवस मनाया जा रहा है। जशपुर पुलिस महिलाओं के साथ है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नोनी रक्षा रथ के लिए हेल्पलाइन नंबर 9479128400 जारी किया गया है जिसमें चौबीसों घंटे महिला पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी ड्यूटी पर तैनात रहेंगी। एसपी ने कहा कि बेटी उन्नति शिखर है, बेटा, बेटी का भेद, भाव मिटा कर देश को जगमग करे। झांसी की रानी बनकर अन्याय से लड़ना है। बेटी वीर समुंदर, आन बान शान है।

**गुड़ टच बैड टच पाठ्यक्रम में अनिवार्य :** शालिनी गुप्ता ने अपने उदबोधन में कहा जहां नारी की पुजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। शासन को पाठ्यक्रम गुड़ टच बैड टच शामिल करना चाहिए। आज ऐसा कोई भी फील्ड नही जिससे महिलाएं अछूता रही हो। चाहे सामाजिक हो या राजनीतिक। इसका सबसे बड़ा उदाहरण कल्पना चावला है। पुरुषों की कामयाबी के पीछे महिला का हाथ होता हैं।

## सजल महिला ग्रुप ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया




**जशपुर नगर ( विश्व परिवार )।** सजल महिला ग्रुप द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जिसमें जशपुर के सभी समाज की महिलाएं सम्मिलित हुई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि विधायक रायमुनि भगत के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विशिष्ट अतिथियों में रजनी प्रधान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती रेणु प्रकाश, जिला रोजगार अधिकारी दुर्गेश्वरी सिंह, तहसीलदार जय श्री पथे मैडम, डॉ मधुलिका श्रीवास्तव एवं शिकागो से आई हुई डॉक्टर त्रिपद सम्मिलित थी। इसके अलावा इसके अलावा पार्षद श्रीमती नीतू गुप्ता, प्रतिमा भगत पूर्व सरपंच एवं भाजपा कार्यकर्ता, मुन्नी गुप्ता भाजपा कार्यकर्ता सावित्री निकुंज पूर्व बीडीसी भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थी।

कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन के साथ मंत्रोच्चार श्रीमती सरिता साहू द्वारा हुआ फिर अतिथियों का स्वागत गान शशि साहू, सरिता साहू, डोली कुशवाहा, रीना सोनी, किरण महतो एवं अभिलाषा गुप्ता द्वारा किया गया। स्वागत गान के दौरान हारमोनियम पर अंशिका साहू और तबले पर यश साहू ने साथ दिया। स्वागत गान के बाद मंचस्थ अतिथियों का स्वागत फूलों के पौधे देकर सजल सदस्यों द्वारा किया गया।


**एनएमडीसी NMDC**

(भारत सरकार का उपक्रम) (आइएसओ.9001 कंपनी)
बैलाडीला लौह अयस्क खान, बचेली कॉम्प्लेक्स
बचेली-494553, जिला: दक्षिण बस्तर (दन्तेवाड़ा) छ.ग.
फोन नं. 07857-230210, मोब.:8085559082

**//ई-निविदा सूचना//**

बी आई ओ एम / बीसी / संविदा / प्रकाशन/2023-24 / 080/ दिनांक 11.03.2024

निम्नांकित कार्यों के लिए एनएमडीसी लिमिटेड, बैलाडीला लौह अयस्क खदान, बचेली कॉम्प्लेक्स द्वारा ई निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक निविदादाता CPP Portal अथवा www.nmdc.co.in अथवा http://www.mstcecommerce.com/ eprochome/nmdc/ पर देख सकते हैं एवं निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। जारी किए जाने वाले किसी भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट के लिए, बोली लगाने वाले को समय-समय पर ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर उसे नोटिस करना चाहिए। शुद्धिपत्र/परिशिष्ट किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा। निविदा फॉर्म को केवल ऑनलाइन ऊपर दिये गए MSTC के पोर्टल में निर्धारित अंतिम तिथि के 3:30 बजे शाम तक जमा किया जाएगा एवं 4:00 बजे शाम खोला जाएगा।

| MSTC Ref. No. NMDC/ Bacheli/ 23-24/ET/ | | NMDC Tender. No. BIOM/BC/ CONTRACTS /OTE(80)/23-24/ | Short Description of Work | EMD (Rs.) | Last Date of Sub'n |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 315/888 | C-340 | Miscellaneous Cement Concrete approach road works towards and area development below Conveyor 1060 at Loading Plant Premises, BIOM Bacheli Complex | 20,300/- | 11-04-2024 |
| 2 | 316/893 | C-327 | Improvement of the Existing road with laying WBM & Bituminous carpeting at weigh bridge no.2 (WB-2) at BIOM Bacheli Complex | 35,800/- | 11-04-2024 |
| 3 | 317/894 | C-325 | Construction of additional Pathology Lab above Existing Pathology Department at NMDC Apollo Hospital Bacheli Electrification work | 76,600/- | 11-04-2024 |
| 4 | 318/895 | C-247 | Structural steel painting of Conveyor gallery, trestels from JH-2 to JH-3 and junction house-3, BIOM Bacheli Complex | 81,800/- | 12-04-2024 |
| 5 | 319/896 | C-338 | Construction of buttress wall at Dep-11A Eastern side slope at 1128RL near opening of 1140MB to arrest rolling boulder | 21,200/- | 12-04-2024 |
| 6 | 320/897 | C-341 | Improvement of the existing WBM road with laying of Bituminous carpeting for brake testing of HMVs & LMVs, Bacheli Complex | 18,400/- | 12-04-2024 |
| 7 | 321/898 | C-343 | Face lifting works of Barracks, building and misc. civil repairing work at CISF campus, BIOM Bacheli Complex | 18,600/- | 13-04-2024 |
| 8 | 322/899 | C-344 | Repair of dozer shed including development of parking space and store room at FOD area at BIOM Bacheli Complex | 26,800/- | 13-04-2024 |
| 9 | 323/902 | C-339 | Civil related works Pertaining to Crushing Plant(E) at Deposit.No.05, BIOM Bacheli complex | 29,000/- | 13-04-2024 |

विभागाध्यक्ष (अनु० एवं से०) अनु०
बीआईओएम, बचेली कॉम्पलेक्स


## डाइट में पांच दिवसीय योग उन्मुखीकरण प्रशिक्षण सम्पन्न



**जशपुर ( विश्व परिवार )।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रायपुर के तत्वाधान में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, जिला जशपुर में पांच दिवसीय योग उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का कार्यक्रम आज समाप्त हुआ। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए स्वस्थ शरीर का होना आवश्यक है।छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास के मध्य योग शिक्षा का उपयोगिता आज पूरा विश्व महसूस कर रहा है। उसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ शिक्षा विभाग एवं एस सीआर टी रायपुर के निर्देशानुसार डाइट जशपुर में आवासीय पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक 04 से 08 मार्च तक किया गया जिसमें जिले के आठ विकासखंड जशपुर, मनोरा, दुलदुला, कुनकुरी, बगीचा, फरसाबहार, कांसाबेल, और पत्थलगांव से कुल 45 शिक्षक शिक्षिकाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिए जो विकासखंड के प्रशिक्षण में स्त्रोत व्यक्ति के रूप में कार्य करेंगे। डाइट जशपुर के प्रशिक्षण के प्रकोष्ठ समन्वयक आर. बी.चौहान ने बताया की राष्ट्रीय नई शिक्षा नीति 2020 के पाठ्यक्रम के अनुसार जिले के प्रत्येक स्कूल में योग शिक्षा से प्रशिक्षित शिक्षक होंगे जो आगामी शिक्षण सत्र से प्रत्येक स्कूल में इस शिक्षा से संबंधित कालखंड अलग से लिया जाएगा। इन पांच दिवसीय उन्मुखी प्रशिक्षण में प्रशिक्षण में शामिल शिक्षार्थियों को दिनचर्या, खानपान, बात व्यवहार, एवम संस्कार के द्वारा कैसे व्यक्तित्व का विकास की बात पर विशेष जोर दिया गया था, आसान में खड़े आसन, बैठे आसन के विभिन्न प्रकार को बताते हुए किस रोग का निदान होता है उस विषय पर जानकारी प्रदान किया गया। जशपुर ब्लॉक से शामिल हुए शिक्षक मुकेश कुमार ने बताया की योग का प्रशिक्षण सुबह 6 बजे से शुरू होकर संध्या 6 बजे तक लगातार चला, जिसमें योग शिक्षा के विभिन्न आयामों का विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया जिसमें विशेष रूप पतंजलि के अष्टांग योग, सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, जलनेति की क्रिया। खान पान में सभी प्रशिक्षार्थी को नास्ते में स्वास्थ अनुरूप अंकुरित चना, फल में केला, संतरा और अंगूर परोसा गया।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी फिरतुराम वर्मा की प्रतिमा का मंत्री टंकराम वर्मा आज करेंगे अनावरण

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्री फिरतुराम वर्मा की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम कृषि उपज मण्डी चौक श्री राम जानकी मंदिर के पास पंडरी तराई में दिनांक 9 मार्च 2024 शनिवार को सुबह 10 बजे प्रदेश के खेलकूद एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा की अध्यक्षता, नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर, नगर निगम जोन क्रमांक 3 जोन अध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद साहू, समाज सेविका पंडरी रायपुर श्रीमती सुमित्रा देवी वर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में रखा गया है.उक्त जानकारी देवदत्त वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, धिरेन्द्र वर्मा पंडरी रायपुर ने दी है.

## साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ऋचा की मासिक गोष्ठी सम्पन्न



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** साहित्यिक व सांस्कृतिक संस्था ऋचा की मासिक गोष्ठी एलआईजी 8 डीडी नगर पर आहूत की गई। माँ सरस्वती व स्व शांति यदु के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन किया आद चितरंजन कर, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, आशामानव, डॉ साधना कसार ने। वीणापाणि की मधुर वंदना ईरा पंत द्वारा हुई।

सचिव नीता श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। मासिक प्रतिवेदन का पठन किया मीना शर्मा ने तत्पश्चात आगाज़ हुआ काव्य पाठ का, सुनिता वर्मा के मंझे हुए संचालन में काव्य सरिता प्रवाहित हुई, काव्य सलिला पर डुबकी लगाने वाले साहित्यकार थे- केपी सक्सेना दुसरे डॉ चितरंजन कर, सुरेंद्र रावल, आशामानव, डॉ जे के डागर, डॉ मंजुलाहर्ष श्रीवास्तव, ब्रिगेडियर प्रदीप यदु, मंजु यदु, दिलीप वरवंडकर, अनिल श्रीवास्तव, नीता श्रीवास्तव, शशि मिश्रा, चंद्रकला त्रिपाठी, चंद्रकांता अग्रवाल, किरण वैद्य कठिन प्रदीप वैद्य, अंजु यदु, माधुरी कर, नीलिमा मिश्रा, मीना शर्मा, प्रज्ञा त्रिवेदी, डॉ साधना कसार, ईरा पंत, सुनिता वर्मा ने।

गोष्ठी का अंतिम पड़ाव ईरा पंत के मीठे गीत से संपन्न हुआ। ब्रिगेडियर प्रदीप यदु ने आभार प्रेषित कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
**संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone1@gmail.com**

पत्र क्र./8201/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 09-01-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 8201**
**वार्ड का नाम-16 - वीर शिवाजी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107L00715** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VASU DEV PATEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KHIMJI BHAI PATEL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **दीपांकर मजूमदार** पिता/पति, श्री/श्रीमती **सुब्रत कुमार मजूमदार** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**नेतराम चन्द्राकर**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
**अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर**
**E-mail ID - rmczone10@gmail.com**

पत्र क्र./9876/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 05-03-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 9876**
**वार्ड का नाम- 55 - रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651G00425** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SANTOSH KUMAR JAIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. J.K. JAIN** केनाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती रचना फतनानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति श्री गिरीष फतनानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री दिनेश कोसरिया**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 10 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**छत्तीसगढ़ शासन पुलिस विभाग**
**पुलिस हस्तक्षेप-अयोग्य अपराध की सूचना**
**(धारा 165 द.प्र.रा.)**

**क्रमांक- 57 / 2024** **दिनांक 27.02.2024**
**पुलिस स्टेशन तेलीबांधा** **जिला रायपुर (छ.ग.)**

(1) सूचना देने का दिनांक तथा समय - दिनांक 27.02.2024 के .......... बजे।
(2) अभियोगी या सूचना देने वाले का नाम, पता, निवास स्थान- **मुख्तयार-जितेन्द्र व्यास, पिता स्व. श्री हरसुख राय** व्यास उम्र 56 साल निवासी साम्राज्य रेसीडेन्सी खमतराई डब्ल्यू.आर.एस. कॉलोनी थाना खमतराई रायपुर (छ.ग.) मोबाईल नम्बर- 9340940461
(3) अभियुक्त का नाम, पता, निवास स्थान- अज्ञात
(4) घटना का दिनांक, स्थान व समय- 12.02.2024 के दोपहर करीबन 12:00 बजे करेन्सी टॉवर के पास, व्ही.आई.पी. रोड थाना तेलीबांधा रायपुर (छ.ग.)।

**सूचना का संक्षिप्त विवरण :-**

उपरोक्त सूचना के अपराध धारा 155 जा0फौ0 का होता है जो पुलिस हस्ताक्षेप योग्य नहीं होगा, अभियोगी को सक्षम न्यायालय में कार्यवाही करने को बताया गया।

विवरण इस प्रकार है कि आवेदक द्वारा थाना उपस्थित आकर एक लिखित आवेदन पेश किया कि इसके सेठ मुकेश गोयल पिता ओमप्रकाश गोयल के नाम से स्वामित्व कि भूमि जो ग्राम टेमरी प.ह.न. 00078 रा.नि.म. रायपुर-18 कांदुल तहसील रायपुर जिसका खसरा नम्बर 230/34 रकबा 0.0940 हेक्टर है जिसकी मूल रजिस्ट्री कापी दिनांक 12.02.2024 को दोपहर अपने निवास से आफिस आते समय करेंसी टॉवर के पास व्ही.आई.पी. रोड तेलीबांधा रायपुर में कहीं पर गुम जाना व ढूंढने पर नहीं मिलना व पंजीयक कार्यालय से दूसरी प्रति चाहने लिखित आवेदन पेश किया है कि मामला पुलिस हस्तक्षेप अयोग्य अपराध का पाये जाने से शायल को फैना क्रमांक 57/2024 देकर पता तलाश कि राय दी गई है।

**सूचना की प्रतिलिपि प्राप्त हुई**
**दिनांक : 27.02.2024**

मुहर

**पुलिस अधिकारी**
**पुलिस स्टेशन तेलीबांधा, रायपुर**
**जिला- रायपुर (छ.ग.)**

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर शनिवार 09 मार्च 2024



# अयोध्या में रामलला दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की निकाली गई पर्ची

## 146 यात्रियों का किया गया चयन

**कोरबा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी योजना श्री रामलला दर्शन योजना अन्तर्गत कोरबा जिले से अयोध्या जाने वाले तीर्थ यात्रियों का चयन किया गया। कलेक्टर श्री अजीत वसंत और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री संबित मिश्रा की मौजूदगी में आवेदन करनेवाले तीर्थ यात्रियों का चयन जनप्रतिनिधियों और आवेदकों के माध्यम से पर्ची निकालकर किया गया। जिले में कुल 327 लोगों ने आवेदन किए थे, जिसमें से 146 का चयन किया गया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में रामलला दर्शन योजना अंतर्गत पात्र तीर्थ यात्रियों की पर्ची लॉटरी पद्धति से निकाली गई। ग्रामीण क्षेत्रों से कुल 272 लोगों ने और शहरी क्षेत्र से 55 लोगों ने आवेदन किया था। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र से 110 और शहरी क्षेत्र से 36 का चयन रामलला दर्शन योजना के लिए किया गया है। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने तीर्थ यात्रियों के चयन के दौरान पारदर्शिता अपनाते हुए नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। समाज कल्याण विभाग की उप संचालक श्री सिनीवाली गोयल ने बताया कि रामलला दर्शन योजना के लिए चयनित तीर्थ यात्रियों को आगामी दो दिवस 08 मार्च तक चिकित्सा प्रमाण पत्र जमा करना होगा। चयनित तीर्थ यात्रियों द्वारा पूर्व में जहां आवेदन किया गया था वहां चिकित्सा प्रमाण पत्र जमा करना होगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र से 27 और शहरी क्षेत्र से 10 का नाम प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। चयनित तीर्थ यात्री द्वारा अयोध्या नहीं जाने पर प्रतीक्षा सूची में शामिल लोगों का चयन किया जाएगा।



### 11 मार्च को बिलासपुर से रवाना होंगे तीर्थ यात्री -

कोरबा जिले से चयनित रामलला दर्शन योजना अंतर्गत चयनित सभी 146 यात्री 11 मार्च को बिलासपुर रेलवे स्टेशन से दोपहर 01 बजे रवाना होंगे। 40 यात्रियों के पीछे 01 कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है। 65 वर्ष से अधिक आयु वाले तीर्थ यात्री अपने साथ एक सहायक रख सकेंगे।

## सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** भारी वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। वे आपस मे मितान थे। पुलिस ने इस घटना पर मार्ग काम किया है। मृतकों के शव पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए है। कोरबा जिले के करतला पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत टोलीपाली मैं यह हादसा हुआ। इस घटना में 35 वर्षीय श्रवण उरांव बरपाली 38 वर्षीय फ्रितु राम उरांव सक्ति पतेरापाली की मौत हो गई। दोनों मृतक रिश्ते में मितान थे और किसी काम से कोरबा जा रहे थे। टोली पाली के पास भारी वहां ने उनकी बाइक को चपेट में ले लिया जिससे मौके पर उनका जीवन समाप्त हो गया । घटना के बाद तेज रफ्तार भारी वाहन चालक मौके से फरार हो गया । घटना की जानकारी मिलने पर करतला पुलिस की टीम मौके पर पहुंची जहां पर आसपास के लोगों से पूछताछ की गई पंचनामा की प्रक्रिया पूरी करने के साथ मृतकों के शव मर्करी को भेज दिए गए हैं। सीसीटीवी के आधार पर इस घटना को अंजाम देने वाले वाहन की तलाश की जा रही हैं।

# समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने अग्निवीर थल सेना भर्ती हेतु युवाओं का पंजीयन कराने में मदद करने का दिए निर्देश

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में अग्निवीर थल सेना भर्ती के संबंध में चर्चा की। जिसमें उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अग्निवीर थल सेना भर्ती में जिले से वर्तमान रजिस्ट्रेशन की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने बैठक में उपस्थित रोजगार अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी व जनपद सीईओ को अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदकों को पंजीयन के संबंध में आवश्यक जानकारी देने एवं पंजीयन में सहयोग करने के निर्देश दिए। उपस्थित सभी अधिकारियों को भर्ती प्रक्रिया के सम्बंध में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने एवं जिले में ज्यादा से ज्यादा अभ्यर्थियों को अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए प्रेरित करने की बात भी उन्होंने की। बैठक में श्री रामलला दर्शन ( अयोध्या धाम) को लेकर भी चर्चा की गई, जिसमें दर्शन के लिए जिले से जाने वाले हितग्राहियों की मेडिकल जांच के लिए कलेक्टर ने समस्त जनपद सीईओ को निर्देशित किया। इसके साथ ही नवीनीकरण वाले राशन कार्ड का वितरण भी शीघ्र से शीघ्र हो इसके लिए उन्होंने जनपद सीईओ को निर्देशित किया। सेवानिवृत कर्मचारियों को उनके रिटायर्मेंट के दिन में ही पीपीओ जारी हो जाये इसके लिये कलेक्टर ने सभी उपस्थित विभाग प्रमुखों को जीएफऔर पेंशन के प्रकरणों को रिटायरमेंट दिवस के पूर्व ही तैयार करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में जन चौपाल अंतर्गत शिविर के लंबित मामलों पर भी बिन्दुवार चर्चा की गई। जिसमें कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों को वर्गीकृत कर पेंशन, दिव्यांग व जनहित से जुड़े प्रक्ररणों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने नियमित रूप से प्रकरणों पर समयबद्ध समाधान कारक निराकरण के लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही न्यायालय के प्रकरण, मुख्यमंत्री जन चौपाल से प्राप्त आवेदन व अन्य लंबित प्रकरणों पर भी विभागवार चर्चा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# आडिटोरियम में आयोजित हुआ भू जल प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम

**कोरबा(विश्व परिवार)।** लगातार गिरते हुए भू जल स्तर एवं भू जल से सम्बंधित विषयों को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार के केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, उत्तर मध्य छत्तीसगढ़ क्षेत्र रायपुर द्वारा स्थानीय स्तर पर भूजल प्रबंधन के सम्बंध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 06जी डंतबी 2024 को नगर निगम सभागार (इंदिरा स्टेडियम) कोरबा में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में वर्षा जल संचयन, गिरते हुए जल स्तर के लिए कृत्रिम पुनर्भरण तथा कोरबा में स्थानीय स्तर पर भूजल मुद्दों से निपटने की तकनीकीयों को अवगत किया गया। इस कार्यक्रम में जन प्रतिनिधि/पार्षद, एन. जी. ओ. आंगनबाड़ी, जल प्रबंधन से जुड़े लोग, नगर निगम, च्ॅक् एवं च्भ्म् के अधिकारी, औद्योगिक क्षेत्र में उपस्थित उपकरणों के प्रतिनिधि इत्यादी ने भाग लिया । कार्यक्रम में प्रशिक्षण केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, भारत सरकार के वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री ए के सिन्हा, उद्देश्य कुमार, श्री नागेश्वर राव एवं श्री शुभम दास द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, उत्तर मध्य छत्तीसगढ़ क्षेत्र, रायपुर के क्षेत्रीय निदेशक डा. प्रबीर कुमार नायक के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में कोरबा शहर में किये जा रहे छ।फम्प्ड अध्ययन के बारे में चर्चा किया गया। जल प्रदुषण एवं जल की समस्या के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी। अंत में सम्मिलित सभी 106 प्रतिभागियो को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

# पसान पुलिस ने दुकान में मारपीट एवं चोरी करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** प्रार्थी लव कुमार जायसवाल निवासी कोडगार थाना पसान जिला कोरबा के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया था की स्वयं का आजाद चैक पर किराना दुकान वह निवास दोनों एक ही मकान में है जहां पर मैं अकेला रहकर किराना दुकान का संचालन करता हूं। दिनांक 04.03.2024 को मेरे दुकान में रमेश गोड़ आकर मारपीट और गल्ले में रखे 2500 रुपये को लेकर वहां से भाग गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस थाना पसान में अपराध क्रमांक 32.2024 धारा 454,380,323 भा.द.वि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं मामले से वरिष्ठ अधिकारिओं को अवगत कराया गया । मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, नेहा वर्मा के मार्गदर्शन व `कवच कटघोरा पंकज ठाकुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी पसान उप निरी नवल साव को ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही करने हेतु सख्त दिशा-निर्देश प्राप्त हुआ। वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त दिशा निर्देश के परिपालन में थाना प्रभारी पसान उप निरीक्षक नवल साव एवं उनके अधीनस्थ कर्मचारियों के द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी राजेश गोड पिता तेजूराम गोड निवासी दुल्लापुर बनखेता पारा चैकी कोरबी थाना पसान जिसे बारीकी से पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म कबूल किया।

# बीमा कंपनी के अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं की जिला न्यायाधीश के द्वारा ली गई बैठक

**कोरबा(विश्व परिवार)।** श्री सत्येंद्र कुमार साहू, जिला एवं सत्रा न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा नेशनल लोक अदालत दिनांक 09 मार्च 2024 को अधिक से अधिक मोटर दुर्घटना दावा/क्लेम संबंधी राजीनामा योग्य प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में समझौते के माध्यम से निराकरण किये जाने हेतु जिले के समस्त बीमा कंपनी के शाखा प्रबंधक एवं अधिवक्ताओं की बैठक ली गई। उक्त बैठक में जिला न्यायाधीश के द्वारा बीमा कंपनियों के पदाधिकारियों एवं क्लेमेंट अधिवक्ताओं से बीमा प्रकरणों के निराकरण में भरपूर सहयोग प्रदान किए जाने को कहा गया। उक्त बैठक में श्रीमती शारदा नामदेव, ओरिएंटल इंश्यू. कंपनी, श्री के.के. साहू यूनाईटेड इंडिया इंश्यू. कंपनी, श्री आर.एन. राठौर, श्री एस.के. मोदी, श्री सी.बी. राठौर, श्रीमती सुमन तिवारी, श्री महेंद्र अग्रवाल, श्री लवलेश शुक्ला, श्री ओम प्रकाश जोशी, श्रीमती शिव कंवर, श्री राजेश्वर दीवान, श्री रोशन लाल, श्री अखिलेश साहू, श्री राकेश दुबे, श्री तुलसी विश्वकर्मा, कुमारी कृष्णा सूर्यवंशी, श्री करम प्रजापति, एवं श्री वरूण कुमार राही अन्य पदाधिकारीगण एवं अधिवक्तागण उपस्थित हुये। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा अवगत कराया गया कि जो भी पक्षकार राजीनामा के माध्यम से अपने लंबित प्रकरणों को लोक अदालत के माध्यम से निराकरण कराना चाहते है वे पक्षकार अपने प्रकरण को संबंधित न्यायालय में उपस्थित होकर नेशनल लोक अदालत में रखे जाने हेतु निवेदन कर सकते है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा बताया गया है कि न्यायालय में प्रस्तुत होने वाले मामले जिनमें कोर्ट फीस चस्पा है उन प्रकरणों में लोक अदालत के माध्यम से निराकरण होता है उक्त प्रकरणों में कोर्ट फीस वापसी का प्रावधान है, साथ ही लोक अदालत में निराकरण होने वाले प्रकरणों में किसी भी न्यायालय में अपील स्वीकार्य नहीं होती। नेशनल लोक अदालत के बैंक, विद्युत, दूरसंचार, नगर पालिक निगम कोरबा के प्रीलिटिगेशन के प्रकरण हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा में हेल्प डेस्क का निर्माण किया गया है।

# दहेज प्रथा जैसी सामाजिक बुराई को दूर करने में अहम भूमिका निभा रही मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना - वित्त मंत्री

### वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी सामूहिक विवाह में हुए शामिल, पुष्प वर्षा कर नव विवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

**रायगढ़(विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत आज रायगढ़ जिले में 291 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। इस मौके पर छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी जिला मुख्यालय के शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाटी स्टेडियम में आयोजित 84 जोड़ो के विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए एवं नवदपत्तियों को अपना आशीर्वाद प्रदान किए। सामूहिक विवाह में शामिल होने पहुंचे प्रदेश के वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने नव विवाहित जोड़ों को पुष्प वर्षा कर वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं देते हुए रायगढ़ में विवाहित सभी 84 जोड़ों को अपनी ओर से 5-5 हजार रुपये की स्वेच्छा अनुदान राशि देने की भी घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर बेटियों की शादी कराने के साथ ही दहेज प्रथा जैसे सामाजिक बुराई को दूर करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना संचालित की जा रही है। जिसके तहत प्रदेश में लगातार सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने आज विवाह में शामिल सभी नवदंपत्तियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने सामूहिक विवाह में आगे आकर समाज को एक अनुकरणीय संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि आज विवाह बंधन में बंधे सभी बहनों को महतारी वंदन योजना का लाभ लेने का आग्रह किया, जिससे उन्हें सालाना 12 हजार रुपये की राशि प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि आज विवाह में शामिल सभी नवजोड़ों को राज्य शासन की ओर से 21-21 हजार रूपये की सहायता राशि दी जा रही है। इस मौके पर उन्होंने नवदंपत्तियों को सहायता राशि का चेक भी वितरित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल, श्री राधेश्याम राठिया, श्री विजय अग्रवाल, श्री उमेश अग्रवाल, श्रीमती पूनम दिबेश सोलंकी, श्री सुभाष पाण्डेय, श्री कौशलेष मिश्रा, श्री श्रीकांत सोमावार, श्री रत्थू गुप्ता, श्री सुरेश गोयल, कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, नगर पुलिस अधीक्षक श्री आकाश शुक्ला, डीपीओ श्री एल.आर.कच्छप उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### ऑनलाइन सट्टा चलाने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** मैनुअल तरीके से चलने वाले सट्टा पर जोखिम की संभावना ज्यादा होने से इस खेल में शामिल लोगों ने दूसरे रास्ते तलाश लिए हैं। विभिन्न स्थानों पर इस प्रकार की गतिविधियां जारी है। कोरबा की मानिकपुर पुलिस ने ऐसे ही एक सूचना पर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जो ऑनलाइन सट्टा चला रहे थे। उनके विरुद्ध आईपीसी की धारा के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया है और अगली कार्रवाई की जा रही है। कोतवाली थाना की मानिकपुर पुलिस चैकी की ओर से ऑनलाइन सट्टा पर यह एक्शन लिया गया। बताया गया कि चैकी क्षेत्र के अंतर्गत एक इलाके में सटोरियों की गतिविधियों को लेकर कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी। इस पर संज्ञान लेने के साथ जानकारी एकत्र की गई। इसी कड़ी में पुलिस की टीम को संबंधित पॉइंट्स के लिए रवाना किया गया जहां पर डिजिटल प्लेटफॉर्म पर तीन लोग सट्टा खिलाते हुए मिले। उनके पास से संबंधित संसाधन और अन्य जानकारी मिली है। पूछताछ में की प्रकार की चीज सामने आई और स्पष्ट हुआ कि पूरा प्रकरण ऑनलाइन सट्टा से अटैच है। चैकी प्रभारी ने बताया कि इस सिलसिले में प्रकरण दर्ज किया गया है।

### पोड़ीखोहा और कोनकोना में अवैध शराब जब्त

**कोरबा(विश्व परिवार)।** बांगो पुलिस ने अवैध गतिविधियों की रोकथाम को लेकर कार्रवाई को डंडा जारी रखा है। तीन मामलों में 58.50 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है। एक आरोपी को जेल भेजा गया है और दो को जमानत पर छोड़ा गया है। जिले में किसी भी तरह की आवांछनीय गतिविधियों को लेकर पुलिस का सख्त रूख कुछ दिनों से नजर आ रहा है। अधिकारियों ने इस बारे में अपने मातहतों को निर्देश दे रखे हैं और इसका हर हाल में परिपालन करना सुनिश्चित किया गया है। बांगो थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा ने बताया कि अवैध गतिविधियों की सूचनाएं पुलिस खुद जुटा रही है। इसके साथ गुप्तचर भी सक्रिय किये गए हैं। एक सूचना पर पोड़ीखोहा और कोनकोना में पुलिस ने अवैध शराब बनाने और बेचने के मामले में कार्रवाई की। अमृत बाई बिंझवार, त्रिभुवन सिंह नेताम और शिव नारायण नेताम के कब्जे से अवैध कच्ची शराब मिली है।

### जायलो योद्धा को आग लगाने वाले दो आरोपी पकड़ाए

**कोरबा(विश्व परिवार)।** पुरानी बस्ती के फुलवारी पारा में घर के सामने खड़ी जाइलो योद्धा वाहन को आग लगाने के मामले में पुलिस ने जांच के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है । दोनों को जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। इस मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों में निशांत उर्फ निशू यादव पिता लक्ष्मी नारायण यादव उम्र 20 वर्ष साकिन पुरानी बस्ती सर्वमंगला रोड और राहुल यादव पिता छोटे लाल यादव उम्र 26 वर्ष साकिन पुरानी बस्ती सर्वमंगला रोड कोरबा है। इन दोनों ने मेहराब खान निवासी दुरपा रोड फुलवारी पारा के महिन्द्रा जेलो वाहन क्र. छ्त्र 11 छ्स्न 0786 को आग के हवाले किया था। 3 मार्च के के करीब 15 दिन पूर्व से जांजगीर से लाकर काम करने हेतु अपने घर के पास खड़ी किया था। पडोसी गौरव सिंह ठाकुर पिता स्व. महावीर सिंह ठाकुर उम्रा. 31 वर्ष पता दुरपा रोड कोरबा का भी टाटा योद्धा वाहन क्रमांक सीजी 11 बी एच 2386 भी खडा था। तीन और चार मार्च की रात अज्ञात तत्वो द्वारा आग लगाने से पुरी तरह से जल कर छतिग्रस्त हो गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 137ध्2024 धारा 435 भा.द.वि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले से वरिष्ठ अधिकारिओं को अवगत कराया गया । पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाल नितिन उपाध्याय को ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही करने हेतु सख्त दिशा-निर्देश प्राप्त हुआ। मामले में फरार आरोपी निशांत उर्फ निशू यादव पिता लक्ष्मी नारायण यादव उम्र 20 वर्ष एवं राहुल यादव पिता छोटे लाल यादव उम्र 26 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती सर्वमंगला रोड कोरबा को घटना से फरार थे। गुप्तचर की सूचना पर उन्हें गिरफ्तार किया गया।

### पुलिस ने चौपाल लगाकर लोगों को किया जागरूक

**कोरबा(विश्व परिवार)।** थाना प्रभारी कटघोरा धर्मनारायण तिवारी ने ग्राम तानाखार में ग्राम सरपंच ,ग्राम पटेल एवम ग्रामीणों के साथ जमीन में बैठकर चौपाल लगाई,जिसमे 30-40 की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित हुए,चौपाल में सजग कोरबा अभियान के तहत उठाईगिरी, चोरी, साइबर अपराध, महिलाध् बालकों से संबंधित अपराध से बचने के बारे में आवश्यक जानकारी दिया गया। थाना और कंट्रोल रूम का नंबर ग्रामीणों को वितरित कर किसी भी प्रकार की घटना-दुर्घटना की सूचना तत्काल थाना में देने की समझाइश दी गई।

## संपादकीय

# साख पर सीधा प्रहार

आज ऐसे संदेह खुलकर जताए जा रहे हैं कि न्यायपालिका का एक हिस्सा एक खास राजनीतिक परियोजना का हिस्सा बनता जा रहा है। इस पृष्ठभूमि में जस्टिस गंगोपाध्याय से संबंधित खबर न्यायिक साख के लिए तगड़े झटके के रूप में रूप में आई है। किसी संवैधानिक न्यायालय का वर्तमान जज आम चुनाव से ठीक पहले राजनीति में भाग लेने का इरादा जताते हुए अपने पद से इस्तीफा दे, तो बेशक उससे न्यायपालिका की निष्पक्षता को लेकर आम जन के बीच एक बेहद खराब संदेश जाएगा। और खासकर तब तो बिल्कुल ही ऐसा होगा, अगर उस जज ने अपने कार्यकाल के दौरान ऐसे अनेक आदेश दिए हों और टिप्पणियां की हों, जिनसे एक पार्टी विशेष को अपना एजेंडा आगे बढ़ाने में मदद मिली हो। दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय न्यायपालिका में सचमुच ऐसी घटनाएं हो रही हैं। कलकत्ता हाई कोर्ट के जज अभिजित गंगोपाध्याय के कई आदेशों से पश्चिमी बंगाल में सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के लिए मुश्किलें खड़ी हुई थीं। जबकि विपक्षी भारतीय जनता पार्टी के तृणमूल विरोधी अभियान को उन आदेशों से बल मिला था। इसीलिए जस्टिस गंगोपाध्याय ने जब यह एलान किया कि वे मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा देकर राजनीति में प्रवेश करेंगे, तो उससे न्यायिक निष्पक्षता के पक्षधर लोगों को आघात पहुंचा। जस्टिस गंगोपाध्याय ने अभी नहीं बताया है कि वे किस दल की सदस्यता लेंगे या क्या वे लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनेंगे। लेकिन उनकी ताजा घोषणा से तृणमूल कांग्रेस को यह कहने का आधार जरूर मिला है कि राज्य सरकार विरोधी उनकी कई पुरानी टिप्पणियां राजनीति में प्रवेश करने का आधार बनाने के मकसद से की गई थीं। यह बात अपनी जगह सही है कि समय से पहले पद छोड़कर जजों के राजनीति में प्रवेश करने का यह पहला मौका नहीं है। अतीत में कम-से-कम ऐसी दो मिसालें हैं। लेकिन यह बात अवश्य ध्यान में रखनी चाहिए कि तब न्यायपालिका इतने सवालों से घिरी हुई नहीं थी, जितनी आज है। तब के जजों के निर्णयों को उनके व्यक्तिगत विचलन के तौर पर देखा गया था। उनमें से एक जज सत्ताधारी दल के नहीं, बल्कि विपक्ष के उम्मीदवार बने थे। जबकि आज ऐसे संदेह खुलकर जताए जा रहे हैं कि न्यायपालिका का एक बड़ा हिस्सा एक खास राजनीतिक परियोजना का हिस्सा बनता जा रहा है। इस पृष्ठभूमि में जस्टिस गंगोपाध्याय से संबंधित खबर न्यायिक साख के लिए तगड़े झटके के रूप में रूप में आई है।

# विश्वविद्यालयों को कैसे सुधारें ?

डा. वरिंदर भाटिया

आज के विश्वविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयीय शिक्षा की अनेक समस्याएं हैं जिन पर शासन तथा शिक्षाविदों का ध्यान केंद्रित है। माध्यमिक स्तर पर शिक्षा के प्रसार के कारण विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ रही है और प्रश्न यह है कि क्या विश्वविद्यालय उन सभी विद्यार्थियों को स्थान दें, जो आगे पढ़ना चाहते हैं, अथवा केवल उन्हीं को चुनकर लें जो उच्च शिक्षा से लाभ उठाने में समर्थ हों? शिक्षा का माध्यम क्या हो, यह भी एक महत्वपूर्ण प्रश्न है। शोध कार्य को प्रश्रय न देने की समस्या भी ध्यान आकर्षित करती है। कुछ विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों की अनुशासनहीनता भी एक समस्या है। योग्य अध्यापकों को विश्वविद्यालय में आकर्षित करना तथा उन्हें बनाए रखना कम महत्वपूर्ण नहीं पैसे इकट्ठे करने के लिए सिर्फऔर सिर्फछात्रों की संख्या में वृद्धि करने में तत्पर देश के अनेक विश्वविद्यालय इस वक्त अपनी अकादमिक क्वालिटी से समझौता कर रहे हैं। राष्ट्र के शीर्ष नेतृत्व से जुड़े अनेक व्यक्तियों ने समय-समय पर इस बिन्दु पर अपनी चिंता भी व्यक्त की है। कुछ विश्वविद्यालय तो निम्न स्तर की गुणवत्ता युक्त उच्च शिक्षा के चलते उन छात्रों की मास प्रॉडक्शन कर रहे हैं जो न तो रोजगार और न ही स्वरोजगार प्राप्त कर पा रहे हैं। यह उन छात्रों के भविष्य के लिए ठीक नहीं है। तस्वीर का दूसरा रुख यह है कि भारत में उच्च शिक्षा के कई संस्थान हैं, लेकिन दुर्भाग्य से भारत में मांग और आपूर्ति के बीच में गहरी खाई होने के कारण दाखिला मिलना कठिन हो जाता है। एक अनुमान के मुताबिक अगर भारत 2020 तक अपने ग्रॉस एनरोलमेंट रेश्यो (जीईआर) के 30 फीसदी को प्राप्त करता है तब भी 1.4 करोड़ छात्रों को किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान में दाखिला नहीं मिलेगा। इन अतिरिक्त छात्रों के लिए भारत को एक हजार नई यूनिवर्सिटी, 40 हजार पॉलिटेक्निक और 10 लाख नए फैकल्टी मेंबर की




जरूरत होगी, जो एक बड़ी चुनौती है। ऐसे में हो सकता है कि शिक्षा की क्वालिटी पर भी अतिरिक्त फर्क पड़े। ध्यान रहे कि यह हमारी आर्थिक और विकास की गति पर प्रभाव डालेगा। इसे ठीक करने के लिए कदम तो उठाए जा रहे हैं, लेकिन यह एक रात में होने वाला चमत्कार नहीं है। इसमें एक निश्चित समय लगेगा। जब तक यह नहीं होता है तब तक भारत से छात्र उच्च शिक्षा के लिए विदेशों का रुख करते रहेंगे। इस समय हमारे विश्वविद्यालय सिस्टम में कई कमियां हैं। इस सिस्टम में अनेक शिक्षकों पर पढ़ाने का अत्यधिक दबाव होता है जिससे वे कई चीजों की ट्रेनिंग भी नहीं कर पाते हैं। लैबोरेट्री में नए अत्याधुनिक उपकरणों की कीमतों के कारण इनकी खरीद नहीं हो पाती है। इसी तरह अनुसंधान अनेक उच्च शिक्षा संस्थानों का हिस्सा नहीं है। इसके विपरीत पुख्ता विदेशी यूनिवर्सिटी इस बात को सुनिश्चित करती हैं कि वे टीचिंग और रिसर्च के पिलर पर खड़ी रहें। विदेशी यूनिवर्सिटीज को इस बात से भी काफी खुशी होती है कि वे पूर्ण रूप से इंटरनेशनल हैं। इन यूनिवर्सिटीज में बहु-सांस्कृतिक माहौल छात्रों को ज्यादा से ज्यादा सीखने के लिए प्रेरित करता है। इससे छात्र का बर्ताव, मानसिक परिपक्वता और उसके सोचने के नजरिए का दायरा भी बढ़ जाता है। करियर काउंसिलिंग और रोजगार यह दो ऐसे विषय हैं जिनमें भारतीय विश्वविद्यालय अभी भी काफी पीछे हैं। हमारे अनेक पाठ्यक्रम ऐसे नहीं हैं कि हम रोजगार देने वालों से और स्वरोजगार की ट्रेनिंग देने वालों से जुड़े रहें, जबकि विदेशी यूनिवर्सिटीज लगातार सरकार और इंडस्ट्री से जुड़ी रहती हैं और उन्हें भविष्य की जरूरतों के बारे में बताती रहती हैं। इस बिन्दु पर हमारे विश्वविद्यालयों का रोल दोबारा परिभाषित किए जाने की जरूरत है। विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की कमी नई शिक्षा नीति लागू करने में मुख्य चुनौती है, क्योंकि इससे शोध कार्यों में कमी आएगी और विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा नहीं मिल पाएगी। देश के चार करोड़ विद्यार्थियों में से केवल चार प्रतिशत केंद्रीय विश्वविद्यालयों में पढ़ते हैं और बाकी के 96 प्रतिशत राज्य के सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे हैं। कई राज्य विश्वविद्यालयों में 80 प्रतिशत तक सीटें खाली हैं। इस पर हमें सोचना होगा। आज भी यकीन के साथ पता नहीं होता कि उच्च शिक्षा कोर्स खत्म करने के चार साल बाद किसी छात्र को कौनसी नौकरी मिलेगी, क्योंकि अनेक वांछित नौकरियां तो अभी पैदा की जानी हैं। ऐप, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स, क्वांटिम कम्प्यूटिंग आदि कुछ ऐसे शब्द हैं जो हमें हाल ही में सुनने को मिल रहे हैं। सनद रहे कि ये केवल शब्द नहीं, बल्कि ये देश के लिए इस वक्त अति जरूरी नई वर्क फोर्स की जरूरत भी हैं। इन शब्दों से सीधे तौर पर देश के युवाओं का भविष्य भी तो जुड़ा है। सुझाव है कि उपकुलपति अपनी प्रतिभा और क्षमता का उपयोग विश्वविद्यालय की गुणवत्ता और संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग में लगाएं। विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और प्रबंधकीय व्यवस्थाओं को उत्कृष्ट बनाने के लिए सबका सहयोग और सुझाव प्राप्त करें। विश्वविद्यालय की बेहतरी के लिए नवाचार और कड़े निर्णय लेने में संकोच नहीं करें। विश्वविद्यालय देश की भावी पीढ़ी के भविष्य निर्माण का केंद्र होते हैं। वे राष्ट्र निर्माण की नींव हैं। यदि नींव मजबूत होगी, तभी भवन मजबूत और विशाल बन सकता है। इसलिए यह जरूरी है कि विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम, शिक्षण व्यवस्थाएं और वित्तीय प्रबंधन छात्रों के हित में हों। जरूरत है कि रोजगार की सम्भावनाओं के दृष्टिगत नए पाठ्यक्रम शीघ्र शुरू किए जाएं। साथ ही ऐसे पाठ्यक्रम जिनकी प्रासंगिकता नहीं रही हो, उन्हें बंद करने में भी विलंब नहीं करें। इससे वित्तीय संसाधनों का बेहतर उपयोग सम्भव होगा। राज्य सरकार के अनुदान के साथ ही केंद्र सरकार, अन्य संस्थाओं से अनुदान प्राप्ति के प्रयास करें और साथ ही विश्वविद्यालय स्वयं के स्त्रोत भी विकसित करें। सांसद और विधायक निधि से भी राशि प्राप्त करने के प्रयास करें। विश्वविद्यालयों के शिक्षकों की नियमित नियुक्ति जरूरी है। शिक्षण की नियमितता विद्यार्थियों के जुड़ाव के लिए जरूरी है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को वंचितों के सहयोग के लिए प्रोत्साहित करें। ग्रामीण अंचल में सेवा कार्यों को विद्यार्थियों के सहयोग से संचालित करें।

## विचार

# एक नई लक्ष्मण-रेखा

मोटे तौर पर कहा जाएगा कि कोर्ट की मंशा अच्छी है। लेकिन यह बात भी सही है कि लोकतंत्र में अधिकारों का बंटवारा एक बुनियादी तकाजा है। शासन की एक संस्था दूसरे संस्था के अधिकार क्षेत्र में अपनी पैठ बनाने लगे, तो इसे समस्याएं पैदा हो सकती हैँ। सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संविधान पीठ ने विधायिका और न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्रों के बारे में संविधान में सीमा का पुनर्लेखन कर दिया है। उसने संविधान के अनुच्छेद 105(2) की नई व्याख्या कर दी है, जिसके तहत संसद के अंदर का कथित भ्रष्ट आचरण अब न्यायिक जांच-परख के दायरे में आ जाएगा। अपने ताजा फैसले के जरिए उसने 'पीवी नरसिम्हा राव बनाम स्टेट' (यानी झारखंड मुक्ति मोर्चा रिश्वत कांड) में 1998 में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया है। वह मामला जन-प्रतिनिधियों के कथित रिश्वत लेकर सदन के अंदर भाषण देने और मत डालने से संबंधित था। 1998 में पांच जजों की संविधान पीठ ने कहा था कि सांसद और विधायकों पर इस तरह के मामलों में मुकदमा नहीं चलाया जा सकता, क्योंकि उन्हें संसदीय विशेषाधिकार का संरक्षण हासिल है। अब कोर्ट ने कहा है कि इस तरह के आचरण से संसदीय पवित्रता भंग होती है, इसलिए इसे संसदीय विशेषाधिकार का संरक्षण नहीं मिल सकता। मोटे तौर पर कहा जाएगा कि कोर्ट की मंशा अच्छी है। लेकिन यह तथ्य भी अपनी जगह सही है कि लोकतंत्र में अधिकारों का बंटवारा एक बुनियादी तकाजा है। अगर शासन की एक संस्था दूसरे संस्था के अधिकार क्षेत्र में अपनी पैठ बनाने लगे, तो इसे समस्याएं पैदा हो सकती हैँ। संविधान में जिस तरह संसदीय विशेषाधिकार का प्रावधान किया गया है, उसी तरह का संरक्षण न्यायपालिका को भी दिया गया है। अनुच्छेद 121 के तहत सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्टों के जजों के आचरण पर संसद में बहस नहीं हो सकती। अब यह सवाल उठेगा कि आखिर न्यायपालिका को यह संरक्षण क्यों मिले रहना चाहिए? कुछ वर्ष पूर्व एक प्रधान न्यायाधीश पर सुप्रीम कोर्ट के अंदर यौन उत्पीड़न का आरोप लगा था। उस कांड की सामान्य आपराधिक न्याय प्रक्रिया के तहत जांच नहीं हुई, क्योंकि संबंधित जज को न्यायिक संरक्षण प्राप्त था। उस मामले पर संसद में भी चर्चा नहीं हो सकती थी। कोर्ट की मंशा यह है कि जन प्रतिनिधियों के भ्रष्ट आचरण पर रोक लगाई जाए। लोग इससे सहमत होंगे। लेकिन उनकी ऐसी ही आकांक्षा जजों के बारे में भी है।

# 2024 के भारत में ऑरवेल का सत्य!

श्रुति व्यास

रोजाना एक ही तरह की चीजें पढ़ते रहने की बोरियत से मुक्ति के लिए मैंने पिछले वीकएंड 'एनीमल फार्म' फिर से पढ़ डाली। जार्ज ऑरवेल की यह कृति सच्चे अर्थों में कालजयी है। जब वह लिखी गई थी तब जितनी प्रासंगिक थी, उतनी ही आज भी प्रासंगिक है। सन् 1945 में प्रकाशित इस उपन्यासिका में शूकर (सुअर) बंधु जिस तरह सत्ता पर कब्जा जमाते हैं, वह सोवियत संघ (तब और रूस) जैसी तानाशाही और प्रोपेगेंडा की असीम ताकत के खतरों से दुनिया को सचेत करना है। जानवरों का जमावड़ा जैसे-जैसे समतापूर्ण समाज से असमान समाज बनने की ओर बढ़ता है, वैसे-वैसे शासक शूकर, प्लाट बदलते जाते हैं। जार्ज ऑरवेल ने इस पुस्तक में सत्ता, आशा, झूठ, प्रोपेगेंडा और अंधश्रद्धा जैसे मुद्दों की बारीक पड़ताल की है। वे हमें बताते हैं कि किस तरह अंततः केवल सत्ता हासिल करना ही पहला और आखिरी लक्ष्य बन जाता है और सत्ता की यह लिप्सा कैसे समाज को नष्ट कर देती है। 'एनीमल फार्म' 20वीं सदी के मध्य के सोवियत संघ पर आधारित था। उसके पात्र नेपोलियन में हम स्टालिन और स्नोबॉल में ट्रोटोस्की को देख सकते हैं। अब न तो सोवियत संघ का कोई नामलेवा बचा है और न स्टालिन और ट्रोटोस्की हैं। मगर 'एनीमल फार्म' को आज की दुनिया की फेक न्यूज, जहरीले प्रोपेगेंडा और षड्यंत्रपूर्वक की जाने वाली ऑनलाइन ट्रोलिंग से आसानी से जोड़ा जा सकता है।'एनीमल फार्म' का मुख्य सन्देश यही है कि नैरेटिव, मीडिया पर जिसका नियंत्रण होता है, जीत उसी की होती है। भले ही यह हमें असहज करे, मगर तथ्य यही है कि करीब तीन-चौथाई सदी पहले ऑरवेल ने जो रूपक बुना था, वह आज की हमारी दुनिया के राजनैतिक नैरेटिव पर भी लागू है। अब जब सत्ता और पालिटिकल नैरेटिव की बात होती है, तो चुनाव का ध्यान हो आना स्वाभाविक है। भारत में चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई है। भारतीय जनता पार्टी ने एक-तिहाई से ज्यादा उम्मीदवारों की नामों की घोषणा कर दी है। चुनाव आयोग की टीमें राज्यों का दौरा कर तैयारियों का जायजा ले रही हैं। मीडिया हाऊस तरह-तरह के चमकीली-चटकीले राजनैतिक कॉन्क्लेव आयोजित कर रहा हैं, जो मिनी चुनावी सभा नजर आते हैं। चुनावों का नतीजा क्या होगा, यह करीब-करीब तय है। अलग-अलग क्षेत्रों में जिसकी भी जीत-हार हो लेकिन सर्वोच्च नेता की जीत तय बताई जा रही है। हालाँकि परिणामों के तय बताए जाने के बाद भी वातावरण में रोमांच तो है।2024 के लोकसभा चुनाव को 'विचारधारात्मक कारणों' से महत्वपूर्ण बताया जा रहा हैं। लंदन की 'द इकनामिस्ट' पत्रिका ने लिखा है, "इस साल भारत और अमेरिका में होने वाले दो बड़े चुनाव पूरी दुनिया के लिए प्रजातंत्र की परीक्षा होंगे। क्या सचमुच? क्या वाकई भारत में प्रजातंत्र खतरे में है? ऐसा बताया जा रहा है कि सन् 2014 के बाद से एक प्रजातंत्र के रूप में भारत की छवि फीकी पड़ती जा रही है। क्या ऐसा है? देश की सबसे बड़ी अदालत के जजों ने एकमत से भारत सरकार की 2018 में शुरू की गई इलेक्ट्रोरल बांड योजना को रद्द किया है।मीडिया कह रहा है कि विपक्ष आखिर विचारधारा से चालित क्यों नहीं है? नौकरशाही दिन-रात इस कोशिश में है कि देश के सभी नागरिकों को साफ पानी और मुफ्त राशन मिले और हर घर में शौचालय हो। अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। भारत का सूरज दुनिया के आसमान में चमक रहा है। रिहाना हमारे देश के एक रईसजादे के शाहज़ादे की शादी में गानें गा रही हैं।भारत में इतना काम, इतना जलवा? क्या पश्चिम में है कोई ऐसा जो इसके मुकाबिल हो? अगर मोदीजी पांच साल और प्रधानमंत्री रह गए तो भारत सचमुच विश्वगुरू बन जाएगा। सो देश में जो कुछ हो रहा है उसमें प्रजातंत्र के लिए खतरा क्या है? आखिकार प्रजातंत्र को किससे खतरा हो सकता है? प्रजातंत्र के दुश्मन वे हैं जो खुलकर और जानते-बूझते हुए प्रजातंत्र पर हमला करते हैं, जैसा कि इंदिरा गांधी ने इमरजेन्सी के दौरान किया था। क्या मोदी या उनके सिपहसालारों ने ऐसा कुछ किया है? दरअसल मोदी इसलिए लगातारजीतते जा रहे हैं क्योंकि राजनैतिक नैरेटिव वे तय कर रहे हैं। उस पर उनका पूरा नियंत्रण है। जैसा कि जार्ज ऑरवल ने हमें बहुत पहले बताया था, विजेता वही होते है जिनका नैरेटिव पर नियंत्रण हो। नरेन्द्र मोदी ने संविधान या भारत की प्रजातांत्रिक संस्थाओं से प्रकट रूप में कोई बड़ी छेड़छाड़ नहीं की है। उन्होंने केवल नैरेटिव को अपने पक्ष में किया है। पश्चिम के अति वामपंथी और मध्य वामपंथी बुद्धिजीवी तबके का कहना है कि भारत की जनता डर के कारण मोदी का साथ दे रही है। जनता को लगता है कि अगर मोदी नहीं होंगे तो पाकिस्तान और चीन भारत पर कब्जा कर लेंगे और हिन्दुओं के सिर पर खतरा मंडराने लगेगा। मगर वे यह भूल जाते हैं कि मोदी के राजनीति के मंच के केन्द्र में आने के काफी पहले से ही जनता का राजनीति से मोहभंग हो गया था। लोग बेचैन और अशांत थे। उनमें गुस्सा भी था और राजनीतिज्ञों के प्रति तिरस्कार का भाव भी। युवा और अशांत लोग कांग्रेस से बोर हो गए थे। उन्हें लगता था कि कांग्रेस समय के चक्र में एक निश्चित बिंदु पर अटक गई है और चूंकि प्रजातंत्र उन्हें यह अधिकार और मौका देता था कि वे अपना गुस्सा जाहिर कर सकें, इसलिए उन्होंने ऐसा किया। ठीक उसी तरह से जिस तरह उपन्यास में मेनर फार्म पर जानवर अपने गुस्से का इज़हार करते हैं और ओल्ड मेजर बहुत ही व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से इस गुस्से का लाभ उठाते हुए उन्हें 'मनुष्य के अत्याचारों' के खिलाफ विद्रोह करने के लिए भड़काता है। जैसा कि हमेशा होता है, कोई भी नई चीज अपने साथ नयी आशा लाती है। यह आशा आपके गुस्से पर छा जाती है और आपको अंधा बना देती है। विद्रोह करने वाले जानवरों को यह समझ में ही नहीं आता कि विद्रोह के नेतृत्व की नेकनियती पर भरोसा करने के कारण वे अंततः उसी व्यवस्था के लिए काम करने लगे हैं जो व्यवस्था उनका अत्यंत क्रूरतापूर्वक शोषण करती थी। सन् 2014 में लोगों ने बड़ी आशा से मोदी को सत्ता सौंपी। उन्हें मोदी की नेकनीयती पर पूरा भरोसा था। यह भरोसा आज भी कायम है, भले ही पिछले 10 सालों में केवल शासन तंत्र आगे बढ़ा हो और आम लोग वहीं के वहीं हों। इसी भरोसे ने विपक्ष को कमजोर और पंगु बना दिया।

# भाजपा की पहली सूची का क्या संदेश?

लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले पार्टियों ने उम्मीदवारों की घोषणा शुरू कर दी है। पहले इक्का दुक्का पार्टियां ऐसा करती थीं लेकिन अब यह परंपरा बन गई है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी ने 30 से ज्यादा उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। आम आदमी पार्टी ने भी दिल्ली में अपने कोटे की चार सीटों के साथ साथ हरियाणा और गुजरात की सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने एक साथ 195 प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की। एक अनुमान के मुताबिक भाजपा देश की 543 में से साढ़े चार सौ से कुछ ज्यादा लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी और बाकी सीटें उसकी सहयोगी पार्टियों के खाते में जाएंगी। इस लिहाज से कह सकते हैं कि भाजपा ने एक झटके में अपनी करीब 40 फीसदी सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित कर दिए। भाजपा की पहली सूची कई मायनों में बहुत दिलचस्प है। जैसे भाजपा के सूत्रों के हवाले से ही दो महीने से खबर आ रही थी कि पार्टी पहले उन सीटों पर उम्मीदवार घोषित करेगी, जहां वह पिछली बार हारी थी या दो-तीन बार से नहीं जीत रही है या पिछली बार बहुत कम अंतर से जीती थी। इसे मध्य प्रदेश मॉडल कहा गया था। भाजपा ने पिछले साल के अंत में मध्य प्रदेश विधानसभा के चुनाव में सबसे पहले कमजोर और हारी हुई सीटों पर अपने दिग्गज नेताओं को उम्मीदवार बना कर उतार दिया था। कई केंद्रीय मंत्री और सांसद विधानसभा चुनाव लड़े थे। उसी तर्ज पर लोकसभा चुनाव की पहली सूची आने की चर्चा थी। लेकिन सूची आई तो वह इसके बिल्कुल उलट थी। पार्टी ने उन सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की, जहां वह पारंपरिक रूप से बहुत मजबूत है और पिछली बार भारी अंतर से जीती थी। कुछ सीटें ऐसी भी हैं, जहां कांटे की टक्कर थी लेकिन ज्यादातर सीटें ऐसी हैं, जिन पर पार्टी आसानी से जीती थी। इस तरह भाजपा ने मुश्किल सीटों पर घोषणा नहीं की। साथ ही जहां अपनी सहयोगी पार्टियों के साथ सीट बंटवारे की बातचीत फाइनल नहीं हुई है वहां के उम्मीदवारों का ऐलान भी नहीं हुआ और जिन राज्यों या जिन सीटों पर विपक्षी गठबंधन के मजबूती से लड़ने का अनुमान है उन सीटों पर भी घोषणा रोक दी गई।

# इसी महीने शुरू होगा आईपीएल का 17वां सीजन, धूम धड़ाके के लिए हो जाइए तैयार

आदर्श प्रकाश सिंह

आईपीएल का नया सीजन 22 मार्च से आरंभ होगा। बीसीसीआई ने हाल ही में तारीखों का ऐलान किया है। अभी फिलहाल 17 दिनों के लिए 21 मैचों का शेड्यूल घोषित किया गया है। दरअसल, लोकसभा चुनाव को देखते हुए अभी पूरा कार्यक्रम घोषित नहीं किया गया है। चुनाव आयोग जब तारीखों का ऐलान कर देगा उसी के अनुसार आईपीएल के बाकी मैच भी कराए जाएंगे। 22 मार्च को पहला मुकाबला गत चैंपियन चेन्नई और बेंगलुरू के बीच चेन्नई में होगा। भारत में हर साल गर्मियों में होने वाली यह क्रिकेट प्रतियोगिता काफी लोकप्रिय हो चुकी है। युवा खिलाड़ियों के लिए यह एक ऐसा मंच है जिस पर बढ़िया प्रदर्शन करके देश के लिए खेलने का अवसर मिलता है। बीसीसीआई के चयनकर्ताओं की नजर आईपीएल पर खास तौर से रहती है। आज यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड़, तिलक वर्मा, ध्रुव जुरेल, रजत पाटीदार, मुकेश कुमार, रिंकू सिंह और अर्शदीप सिंह जैसे युवा किसी न किसी प्रारूप में भारतीय टीम का हिस्सा बन चुके हैं। युवाओं के लिए अपनी प्रतिभा चमकाने का इससे बेहतर अवसर नहीं मिल सकता। यही इस टूर्नामेंट का सबसे बड़ा आकर्षण भी है। साल 2024 में होने वाला आईपीएल का 17वां संस्करण होगा। कुल दस टीमें इस खिताबी दौड़ में शामिल होंगी। फाइनल को जोड़ लें तो कुल 72 मैच खेले जाएंगे। हर साल कुछ खिलाड़ी इधर-उधर हो जाते हैं। नीलामी में ज्यादा बोली लगा कर फ्रैंचाइजी कंपनियां अपनी टीमों के लिए खिलाड़ियों को चुनती हैं। ऐसे में टीमों में बदलाव होता रहता है। मसलन, पिछले दो सीजन में गुजरात टाइटंस के कप्तान रहे हार्दिक पांड्या इस बार मुंबई इंडियंस की टीम के साथ दिखेंगे। वह रोहित शर्मा की जगह मुंबई के कप्तान भी बना दिए गए हैं। यह इस साल का सबसे बड़ा बदलाव भी है। चूंकि, आईपीएल में ढेर सारे विदेशी खिलाड़ी भी शामिल रहते हैं। इसलिए दूसरे देश के क्रिकेटरों के साथ खेलने का अनुभव भी बड़ा उपयोगी रहता है। आईपीएल में सारा खेल पैसे का है। मोटी रकम देकर खिलाड़ी खरीदे जाते हैं। प्रसारण अधिकार और विज्ञापन कंपनियों की भी चांदी रहती है। इसीलिए यह भारतीय खेल जगत का एक मशहूर ब्रांड बन चुका है। युवा खिलाड़ी बहुत कम समय में मालामाल हो जाते हैं। आपको याद होगा कुछ ऐसे अवसर भी आए जब आईपीएल को देश के बाहर कराना पड़ा है। मसलन, 2009 में आम चुनाव की वजह से पूरा टूर्नामेंट दक्षिण अफ्रीका में आयोजित कराया गया। सुरक्षा कारणों से सरकार ने इसे देश में कराने की इजाजत नहीं दी थी। बाद के वर्षों में भी आईपीएल के मैच खाड़ी के देशों में कराए गए हैं। कोरोना काल में जब पूरे देश में लॉकडाउन लगा था तब इन मैचों पर संकट आ गया था। साल 2020 और 2021 में आईपीएल का फाइनल मैच दुबई में हुआ था। 2021 में अप्रैल-मई में आधे मैच हो चुके थे तभी कोविड की वजह से प्रतियोगिता रोक दी गई। बाद में अक्टूबर में ये मैच खाड़ी के देशों में हुए। आईपीएल में वैसे तो दस टीमें खेलती हैं लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस पर ही सबसे ज्यादा दांव लगता है। इन दोनों टीमों ने 5-5 बार यह चैंपियनशिप जीती है। अभिनेता शाहरुख खान की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स ने दो बार यह खिताब अपने नाम किया है। चेन्नई की टीम की लोकप्रियता की सबसे बड़ी वजह भारत के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी हैं। साल 2008 में जबसे आईपीएल का आगाज हुआ है, तभी से धोनी कप्तान के रूप में इस टीम से जुड़े हुए हैं। जो कंपनी इस टीम की मालिक है वह भी धोनी को छोड़ना नहीं चाहती। तमाम खिलाड़ी टीम बदल कर इधर से उधर चले जाते हैं। अथवा फ्रैंचाइजी कंपनियां ही उन्हें हटा कर नए को ले लेती हैं। मगर, धोनी ने अपनी निष्ठा नहीं बदली। पिछले साल जब गुजरात टाइटंस को फाइनल में हरा कर चेन्नई पांचवी बार चैंपियन बनी तो कयास लगाए गए कि 40 साल के धोनी अब संन्यास ले लेंगे। मगर, दर्शकों से मिल रहे बेशुमार प्यार को देखते हुए उन्होंने एक साल और खेलने का फैसला किया है। 2022 के सत्र में धोनी ने कप्तानी छोड़ कर रवींद्र जडेजा को सौंप दी लेकिन जडेजा इस भूमिका में बुरी तरह नाकाम रहे। लिहाजा टीम प्रबंधन ने धोनी को फिर कप्तान बना दिया। उधर, मुंबई आईपीएल की एक मजबूत टीम है। मुकेश अंबानी इसके मालिक हैं। पिछले साल तक रोहित शर्मा इसके कप्तान रहे। शुरुआती दौर में सचिन तेंदुलकर भी इसी टीम का हिस्सा रहे। रिटायर होने के बावजूद तेंदुलकर मेंटर के रूप में मुंबई की टीम से जुड़े हुए हैं। श्रीलंका के लसिथ मलिंगा और वेस्ट इंडीज के कीरोन पोलार्ड लंबे समय तक मुंबई के लिए खेले। कुछ सत्रों में स्पिनर हरभजन सिंह भी इस टीम के सदस्य रहे। भारत के मौजूदा सफल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और टी-20 के स्टार बैटर सूर्य कुमार यादव भी इसी टीम से खेलते हैं। यही वजह है कि मुंबई टीम के प्रशंसक बड़ी संख्या में हैं। मगर इस बार हार्दिक पांड्या को लेकर और रोहित की जगह उन्हें कप्तान बना कर मुंबई टीम ने चौंकाने वाला निर्णय किया है। देखना होगा कि नए कप्तान की अगुवाई में यह टीम कैसा प्रदर्शन करती है। 2022 के सत्र में गुजरात और लखनऊ की टीमों के प्रवेश से आईपीएल में कुल दस टीमें हो गईं। अब मैच भी ज्यादा होने लगे। गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या थे जिन्होंने पहले ही सत्र में अपनी टीम को आईपीएल का खिताब दिला दिया। इस कामयाबी के बाद वह देश भर में छा गए। पांड्या को भारत की टी-20 टीम का कप्तान भी बना दिया गया। इसी बीच, भविष्य को देखते हुए मुंबई इंडियंस ने हार्दिक को गुजरात से छीन कर अपने पाले में कर लिया। उन्हें अपनी टीम का नया कप्तान भी घोषित कर दिया। रोहित शर्मा के प्रशंसकों को यह बात नागवार लगी। मगर वनडे विश्व कप के दौरान लगी चोट के कारण हार्दिक लंबे समय से मैदान से बाहर हैं। यही वजह है कि जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए रोहित शर्मा को कप्तान बनाया गया है। जबकि सब लोग यह मानकर चल रहे थे कि अब टी-20 में हार्दिक ही भारत के कप्तान रहेंगे। शीर्ष स्तर पर क्या खींचतान चल रही है यह तो वही लोग जानें लेकिन रोहित की कप्तानी पर सवाल उठ रहे हैं। वजह, वनडे विश्व कप में वह देश को खिताबी जीत नहीं दिला सके। दो साल पहले गुजरात के साथ ही लखनऊ की टीम का आईपीएल में पदार्पण हो गया है। मगर अभी तक यह टीम कोई कमाल नहीं दिखा सकी है।

## संक्षिप्त समाचार

### खुद को खुश रखना एक कला: गुरु मां विज्ञाश्री माताजी



**गुंसी ( विश्व परिवार )।** अपने आप को खुश रखे यही जीवन चलने का नाम है, और जीवन में जितना खुश रहेंगे उतना अच्छा आपका जीवन बीतेगा। यह बात गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ने श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी (राज.) के शांतिनाथ चैत्यालय के मध्य कही। उन्होंने आगे कहा कि-खुद को चेंज करने के लिए अपने आप को खुश रखे, अपने आप को सोशल वर्क में रखे, किसी की मदद करे, दुसरो की खुशियों में शामिल हो लेकिन उनसे चिढ़े या जले मत, खुद को खुश रखना भी एक बड़ी कला है, जीवन का सबसे बड़ा मन्त्र ही यही है की खुश रहो और फिर खुश रहना आपकी मदद भी करेगा खुद को बदलने के लिए। पूज्य माताजी के मुखारविंद से अभिषेक शांतिधारा करने का पुण्य महेश मोटूका, पंकज सारसोप वाले निवाई वालों ने प्राप्त किया। गुरु मां ससंघ की निर्विघ्न आहारचर्या कराने का अवसर शिमला मोटूका, संजू ललवाड़ी, पिंकी सारसोप निवाई वाले एवं व्रती आश्रम के व्रतियों ने प्राप्त किया। **-अभिषेक जैन लुहाड़िया**

### महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया



**औरंगाबाद ( विश्व परिवार )।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदेआज प्रात: साधना शिरोमणि अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज ससंघ के दर्शनार्थ हेतु. हातकणंगले कोल्हापुर में पधारे दर्शन के पश्चात गुरुदेव के द्वारा उत्कृष्ट साधना की अद्भुत कृति भेंट कर धर्म प्रभावना का मंगल आशीष प्रदान किया। इस अवसर पर प्रसन्न सागर महाराज ने कहाॅ की खरीद लो पैसों से संसार के सारे सुख सुविधाओं को बस जाते-जाते इतना बता देना सूकून का भाव क्या था। संसार में कुछ भी व्यर्थ नहीं है। जीवन से जीवन जुड़ा है। मनुष्य जाति अकेली जिंदा नहीं रह सकती, उसे जिंदा रहने के लिए पशु और पक्षियों का, यहाँ तक कि पेड़ और पौधों का, सागर-सरिताओं का साथ भी जरूरी है। पूरी दुनिया एक कम्बाइंड फैमिली है। पूरा ब्रह्मांड एक संयुक्त परिवार है। यहाँ हर एक का जीवन किसी दूसरे जीवन से जुड़ा है। तुम्हारे घर के सामने एक पत्थर पड़ा है, अथवा वह जो पेड़ खड़ा है, वह भी व्यर्थ नहीं है। कहीं ना कहीं किसी न किसी रूप में, तुम्हारा जीवन उससे भी जुड़ा है। उस पत्थर को क्षति पहुँचाना अथवा उस पेड़ को नष्ट करना, परोक्ष रूप से अपने विनाश को आमंत्रित करना है। पहले वृक्षों और जंगलों की अंधाधुंध कटाई करके हमने हरे-भरे जंगलों और पहाड़ों को नंगा कर दिया, लेकिन पर्यावरण की दृष्टि से जब यह महसूस होने लगा जीवन अस्तित्व के लिए वृक्षों का होना बहुत जरूरी है। पर्यावरण संतुलन के लिए हरे-भरे जंगलों का होना जरूरी है, तो जोर शोर से जंगलों को विकसित किया जाने लगा और वृक्षारोपण अभियान चलाया जाने लगा। **-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल**

### मुख्यमंत्री ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय श्री दिलीप सिंह जूदेव की जयंती पर उन्हें किया नमन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज यहाँ मुख्यमंत्री निवास में पूर्व सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय श्री दिलीप सिंह जूदेव की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा, श्रीमती प्रियंबदा सिंह जूदेव और श्री ओम प्रकाश सिन्हा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वर्गीय श्री जूदेव मेरे राजनैतिक पथ-प्रदर्शक थे। आज मेरा राजनीतिक जीवन स्वर्गीय श्री दिलीप सिंह जूदेव जी को समर्पित है, उन्हीं की इच्छा थी कि मैं छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री बनूं।उन्होंने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि उनका आशीर्वाद आज फलित हुआ। स्वर्गीय श्री जूदेव ने हमेशा आदिवासी हक की लड़ाई लड़ी, उन्होंने हमेशा सनातन संस्कारों को बचाए रखने के लिए संघर्ष किया। छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए आदिवासी कल्याण और राज्य में सुशासन स्थापित करने के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है।

## अमरकंटक के जिनालय का कलशारोहण कार्य सम्पन्न





**अमरकंटक ( विश्व परिवार )।** सर्वोदय तीर्थ अमरकंटक की ये अनुपम अद्वितीय कृति युगों युगों तक संसार को अहिंसा का संदेश प्रसारित करती रहेगी। इस मनोरम प्राकृतिक अरण्य में आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की भावना के अनुरूप निर्मित भगवान आदिनाथ का जिनमंदिर की स्थापत्य और शिल्प कला को देखकर मन में शांति छा जाती है। जिनालय का कलशारोहण समारोह निर्यापक श्रमण श्री योगसागर महाराज के ससंघ सानिध्य में संपन्न हुआ।

संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के सुयोग्य वरिष्ठ निर्यापक मुनि श्री

### युगों-युगों तक होगा अहिंसा के संदेश का प्रसारण

योगसागर महाराज, मुनिश्री पूज्यसागर महाराज, मुनिश्री निस्सीम सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में एक सौ सत्तर फुट ऊंचे शिखर पर कलशारोहण किया गया। गत वर्ष मार्च अप्रेल में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के ससंघ सानिध्य में भव्यातिभव्य पंचकल्याणक महामहोत्सव सम्पन्न हुआ था।

निर्यापक मुनि श्री योगसागर महाराज ने अमरकंटक में आचार्य श्री के गत प्रवासों का स्मरण करते हुये कहा कि हम उनके बताये पथ का अनुशरण करते रहेंगे।

आचार्य महाराज की साधना हमें सदा प्रेरणा देती रहेगी। आचार्य महाराज वीतरागता के पथ पर स्वयं चले और हमारा भी पथप्रशस्त किया। प्रतिष्ठाचार्य विनय भैया के निर्देशन में ब्रम्हचारी दीपक भैया अमरकंटक, सर्वोदय तीर्थ समिति के अध्यक्ष श्री प्रमोद जैन बिलासपुर, कोषाध्यक्ष मनीष जैन बुढ़ार सहित अमरकंटक, गौरेला, पेण्ड्रा, बुढ़ार, अकलतरा, बिलासपुर, डिंडौरी जैन समाज के सदस्य और महिलाएं कलशारोहण समारोह में सम्मिलित हुयीं।

**-वेदचन्द जैन, गौरेला**

## पूज्य मुनि श्री विनीतसागर जी महाराज संघ सानिध्य में 22 वर्षीय धर्म निष्ठ णमोकार जैन की हुई समाधि



**नागपुर ( विश्व परिवार )।** आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज परम भक्त पुसद निवासी मालती जैन दो प्रतिमा धारी है। जिनके 21 वर्षीय पुत्र नमोकर जैन को ब्लड कैंसर था। णमोकार का इलाज नागपुर में जामठा कैंसर हॉस्पिटल में चल रहा था। दीपक जैन नागपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि णमोकार जैन बहुत धार्मिक प्रवृत्ति का था।योगसागर जी महाराज सागर महाराज आदि समस्त संघ का विहार में सक्रियता से सलग्न में रहता था। 1 महीने से वह काफी अस्वस्थ रहा। णमोकार जैन के जीवन धर्म एवं साधु संतों की सेवा में समर्पित था धार्मिक प्रवृत्ति होने केकारण यह पुण्य उदय था कि संतों के सानिध्य में एवं समस्त प्रकार के आहार का त्याग करने के उपरांत णमोकार जैन का समाधी मरण पूज्य मुनिश्री108 विनीत सागर जी महाराज एवं पूज्य मुनिश्री 108अतुलसागर जी महाराज सानिध्य में हुआ।

जीवन के अंतिम समय में णमोकार मंत्र का स्मरण णमोकार के जीवन में रहा। पूज्य मुनिसंघ के सानिध्य में जीवन का अंतिम पायदान पाया निश्चित रूप से यह उत्कृष्ट समाधि मरण कहा जाता है। सभी को यह भावना भानी चाहिए दिन-रात मेरे स्वामी में यह भावना यह भावना मैं देहांत के समय में तुमको ना भूल पाऊं। होवे समाधि पुरी मैं भावना यह भाऊ।

**-अभिषेक जैन लुहाड़िया**

## मुनि श्री संधानसागर जी महाराज ने कहा- जाने पंचकल्याणक क्या, क्यों, कब और कैसे?



**भामदेवी ( विश्व परिवार )।** मुनि श्री 108 संधानसागर जी महाराज पाषाण से भगवान तक की यात्री का दिग्दर्शन है पचकल्याणक आत्मा से परमात्मा बनने का मार्गदर्शन है पंचकल्यानक पायर से परमेश्वर बनने का रास्ता है पंचकल्यानक कंकर से शंकर बनने का मार्ग बताये पंचकल्याणक क्या ?- सूत्र रूप में यह कहा जा सकता है कि देह जगत से ऊपर उठने का उपक्रम है यह पंचकल्याणक। पूज्य सुनिवर ने बताया दि यह मात्र सात दिन का प्रोग्राम या अनुष्ठान नहीं अपितु जीवन रुपान्तरण का अनुष्ठान है। क्यों ? अपनी निष्ठा को गहराने के लिए यह प्रतिष्ठा की जा रही है। मात्र पत्थर से मूर्ति बनाने का माध्यम ही नहीं जब कि अपनी दृष्टि को पलटने हेतु यह महान अनुष्ठान हो रहा है। कब ? जब भी किसी मन्दिर था प्रतिमा का निर्माण किया जाता प्रतिष्ठा कहा जाता है एक अनिवार्य किया है। दिगम्बर मुनिराज सूर्य मंत्र देकर उस प्रतिमा को अतिशयकारी बना देते हैं। कैसे ? पंचकल्याणक को सानंद सम्पन्न करने हेतु मुनि श्री जी। ने चार बातें बतायी। शुद्धि-विशुद्धि-तन्मयता एवं अनुशासन 7 जितनी जितनी शुद्धि का पालन होगा विशुदि अवश्य बढ़ेगी जो सिद्धि को देने ने वाली होगी! पत्रकारों को संबोधित करते हुऐ पूज्य मुनि श्री जी ने पत्रकारिता को समाज का दर्पण कहा। लोकतंत्र को स्वस्थ एवं स्वस्थ रखने का सशक्त माध्यम है पत्रकारिता द्य पूज्य मुनि ने 11 से 16 मार्च तक वाले पंचक्ल्याँणक महाश्चमहोंसव की सम्पूर्ण जानकारी दी। ध्वजारोहण 11 मार्च को प्रात: होगा आगाम होगा। अंत में है द्य कहा साधना इंसान को महान बना देती हे-भावना पाषाण को भगवान बना देती है।

भामदेवी में हुआ भव्य संत- मिलन संत शिरोमणी आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 शैल सागर जी महाराज, ? मुनि श्री 108 अचल सागर जी महाराज एवं मुनिश्री 108 सहज सागर जी महाराज बिहार करते हुये भामदेवी पहुँचे। युगल मुनिराज श्री 108 दुर्लभसागर जी महाराज एवं 108 संधानसागर जी महाराज ने त्र्य मुनिराज की भव्य अगवानी की। बैंड-बाजो, लेजिम आदि के साथ सम्पूर्ण समाज मुनिद्रय के साथ लगभग 1½ किमी दूर तक गये। वहाँ मुनिव्द ने सभी मुनिराजों की भारत की साथ ही जयकारों के बीच तीन प्रदक्षिणा दी। पांचो मुनिराज ने आकर मंचासीन हुये। पूज्य मुनि श्री 108 संधान सागर जी महाराज के निर्देशन में अभिषेक-शांतिधारा की तैयारी हुयी फिर पूज्य शैल सागर जी महाराज ने शांतिधारा की उच्चारण किया। पत्रकार-वार्ता सम्पन्न हुयी भामदेवी में पांचो मुनिराज के पावन सान्निध्य में पत्रकारवार्ता हुयी, जिसमें लगभग 10-12 पत्रकार जो प्रिंट मिडिया एवं इलेक्ट्रोनिक मिडिया से जुड़े थे, समीति ने सबका सम्मान किया। पत्रकारों में प्रमुख प्रफूल जी ने मंच संचालन दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष -मंत्री-समीतियों के संयोजक उपस्थित थे। **-विद्यावाणी संकलन**

## वैज्ञानिक दिगंबर जैन संत आचार्य श्री निर्भय सागर जी महाराज की भव्य अगवानी



**जतारा ( विश्व परिवार )।** परम पूज्य श्रमणाचार्य 108 श्री विमर्श सागर जी महाराज की जन्म नगरी जतारा में, वैज्ञानिक संत परम पूज्य 108 श्री निर्भय सागर जी महाराज ससंघ का प्रात: काल की वेला में भव्य मंगल प्रवेश हुआ।

परम पूज्य आचार्य निर्भय सागर जी महाराज की भव्य अगवानी में नगर जतारा के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे, एवं नगर के बीच से आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन करते हुए श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र आदिश्वर धाम जतारा पहुंचे। जैन मंदिर प्रांगण में आचार्य श्री निर्भय सागर जी महाराज ने सभा को धर्म उपदेश देते हुए मन को एकाग्र करने के सूत्र बताऐ।

**आज मनाया जाएगा आचार्य श्री का अवतरण दिवस :** भारतीय जैन संगठन तहसील अध्यक्ष एवं जतारा जैन समाज उपाध्यक्ष अशोक कुमार जैन ने बताया कि वैज्ञानिक संत, पाठशाला संवर्धक प.पू. आचार्यश्री निर्भयसागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में ही 9 मार्च को गुरुदेव का ही अवतरण दिवस, परम पूज्य आचार्य श्री विमर्श सागर जी महाराज की जन्म भूमि जतारा में पूर्ण भव्यता से मनाया जा रहा है। इसी के साथ, गुरुवर के ही परम प्रभावक शिष्य मूनिश्री शिवदत्त सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में इटावा उ. प्र. में, मुनिश्री सुदत्तसागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में वीना म. प्र. में एवं मुनिश्री गुरुदत्त सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में खनियाधाना में बड़े ही धूमधाम से आचार्य गुरुवर निर्भय सागर जी महाराज का अवतरण दिवस संपन्न हो रहा है।

ज्ञातव्य है कि फाल्गुन कृष्णा चौदस की प्रात: कालीन बेला में वाल ब्रम्हचारी वासपूज्य भगवान का जन्म और तप कल्याणक के दिन ही बाल ब्रम्हचारी आचार्य श्री निर्भयसागर जी महाराज का जन्म हुआ था। उसी रात को महाशिवरात्रि भी थी अत: वासुपूज्य भगवान का जन्म कल्याणक भी 9 मार्च 2024 दिन शनिवार को पूर्ण बबीता से जैन मंदिर प्रांगण में संपन्न किया जाएगा। आचार्य गुरुवर की भव्य अगवानी में जैन समाज अध्यक्ष महेंद्र कुमार जैन, पवन मोदी, अजित माते, महेश व्या, अनुज भंडारी, राजीव मोदी, अंकित पुजारी, पूनम सिंघई, शुभि झांसी, वर्षा चंदेरा सहित कई श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे।

## विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टॉल में लोगों को मिल रहीं न्यायिक जानकारी

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राजिम कुंभ कल्प में विधिक सेवा प्राधिकरण का स्टॉल लगाया गया है, जिसमें आने वाले लोगों को न्यायिक जानकारियां दी गई कि लोक अदालत के माध्यम से किस प्रकार शीघ्र एवं सस्ता न्याय मिल सकता है। लोक अदालत में समझौते योग्य प्रकरणों का निराकरण किया जाता है। तहसील एवं जिला न्यायालयों में प्रत्येक माह निर्धारित तिथि में लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। जिसमें देश के सभी न्यायालयों में सभी न्यायालयों में लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है। इसमें बड़ी संख्या में आपसी विवादों को एवं राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण होता है। साथ ही लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को भी सुनवाई की जाती है।




राजिम कुंभ में लगाए गए स्टॉल में आने वाले लोक अदालत की जानकारी देते हुए बताया गया कि आम आदमी किस प्रकार से लोक अदालत के माध्यम से शीघ्र और सस्ता न्याय पा सकता है। लोक अदालत में प्रकरण रखवाने हेतु संबंधित न्यायालय में, जहां प्रकरण लंबित है अथवा विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है। प्री-लिटिगेशन के प्रकरण भी बिना न्याय शुल्क के तैयार कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण या तालुका विधिक सेवा समिति में प्रस्तुत किए जा सकते हैं। विविध सेवा प्राधिकरण के स्टॉल में पॉम्पलेट बांटकर लोगों को मिलने वाले लाभ की जानकारी दी गई है। इसके अलावा विधिक सेवा प्राधिकरण के वालेंटियर भी घूम-घूमकर लोक अदालत के बारे में उनके अधिकार तथा शासन द्वारा प्राप्त न्यायिक सुविधाओं की जानकारी देकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

## सुमति धाम में सीएम मोहन यादव ने लिया आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज का आशीर्वाद



**इंदौर ( विश्व परिवार )।** सुमति धाम पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव गोधा एस्टेट गांधी नगर इंदौर में चल रहे भव्य आयोजन के बीच 8 मार्च को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अध्यात्म योगी आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ के दर्शन कर संपूर्ण मध्य प्रदेश शासन की ओर से नमोस्तु निवेदित करते हुए जनता की खुशहाली की कामना की।

श्रमणाचार्य, शताब्दी देशनाकार गुरुदेव ने अपने आशीर्वचन में कहा कि अहिंसा परमो धर्म व भारतीय संस्कृति के अनुरूप मध्य प्रदेश को विकसित करना चाहिए। गुरुदेव ने उन्हे सत्यार्थ बोध ग्रंथ व सत साहित्य भेंट किया। वस्तुत्व महाकाव्य का विमोचन सी एम ने किया।

इस अवसर पर अध्यात्म योगी आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज द्वारा 1200 पृष्ठ में लिखित वस्तुत्व महाकाव्य का विमोचन मुख्यमंत्री मोहन यादव ने करते हुए कहा कि यह मध्य प्रदेश का गौरव है कि ऐसे महान आचार्य श्री की जन्म भूमि मध्य प्रदेश में हैं। इस अवसर पर महोत्सव के प्रमुख व सौधर्म इंद्र मनीष सपना गोधा ने मुख्यमंत्री मोहन यादव का सम्मान करते हुए उन्हें सुमति धाम में निर्मित मंदिर की प्रतिकृति भेंट की। मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा, केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, इंदौर के समस्त विधायक भी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि जैन इतिहास का ऐतिहासिक पंच कल्याणक महोत्सव सुमति धाम में 6 से 11 मार्च 2024 तक आयोजित किया गया है। जिसमें किसी भी प्रकार का चंदा, बोली आदि दान नहीं लिया जा रहा है। संपूर्ण पंच कल्याणक महोत्सव डिजिटल हैं। जिसमें 5100से अधिक इंद्र इंद्राणी व हजारों की संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हो रहे है। इस अनूठे पंच कल्याणक महोत्सव की चर्चा सम्पूर्ण विश्व के जैन समाज में हो रही है। महोत्सव की शानदार व्यवस्था गोधा परिवार सुमति धाम, गोधा एस्टेट की ओर से की जा रही हैं। **-राजेन्द्र जैन महावीर**

## छत्तीसगढ़ का स्टील सिटी के स्टेशन भिलाई पावर हाउस का होगा कायाकल्प

### 26 करोड़ रुपये की लागत से होगा स्टेशन भिलाई पावर हाउस स्टेशन का होगा यात्री सुविधाओं का विकास

#### यात्री केन्द्रित सुविधाओं का किया जाएगा उन्नयन एवं आधुनिकीकरण

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रेल मंत्रालय के महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधा प्रदान करने हेतु अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों के कायाकल्प की तैयारी की जा रही है। इस कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 49 स्टेशनों एवं छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत 32 स्टेशनों का पूनर्विकास अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत किया जा रहा है। अभी हाल ही में 26 फरवरी' 2024 को माननीय प्रधान मंत्री जी के द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के द्वितीय चरण में देश के 553 रेलवे स्टेशनों के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 37 स्टेशनों एवं छत्तीसगढ़ राज्य के अंतर्गत 21 स्टेशनों के पुनर्विकास के कार्य का शिलान्यास किया गया।




भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन को आने वाले 40-50 सालों के यात्रियों की संख्या को ध्यान में रख कर इस वृहत कार्य की योजना बनाई गई है। भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन को विकसित करने का लक्ष्य रेल यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं और बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करना है। रेलवे स्टेशन के आसपास अच्छी व्यवस्थाएं होने से आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

रेलवे देश की लाइफ लाइन है। रेलवे लगातार यात्री सेवा को सुलभ करने के लिए नवीनतम तकनीक, सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने पर काम कर रही है। इसी कड़ी में देशभर के रेलवे स्टेशनों की कायापलट करने पर काम किया जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना का मकसद सुविधाओं की शुरुआत के साथ मौजूदा सुविधाओं के अपग्रेडेशन पर भी काम करना है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत भिलाई पावर हाउस स्टेशन में विकास के अनेक कार्य कराये जाएंगे, जिसमें यह स्टेशन आधुनिक सुविधाओं से युक्त हो जायेगा। आगमन और प्रस्थान के लिये अलग मार्ग, चौड़ा फुट ओवर ब्रिज, वाल पेंटिंग्स व म्यूरल्स में स्थानीय संस्कृति की झलक, आकर्षक कॉनकोर्स, वेटिंग हॉल में फर्नीचर्स, कोच एवं ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड, आकर्षक पोर्च, पार्किंग्स की सुविधा, चौड़ा फुटपाथ, स्टेनलेस स्टील चेयर, अपग्रेडेड अनारक्षित टिकट और पैसेंजर रिज़र्वेशन सिस्टम, अंतर्राष्ट्रीय स्तर के साइनेज, स्टेशन परिसर में हाई मास्ट से प्रचूर लाइट, सीसीटीवी द्वारा निगरानी, गार्डन व मनमोहक लैंड स्केपिंग, आधुनिकता व परंपरा को एक साथ प्रदर्शित करता शानदार फसाड इत्यादि अत्याधुनिक सुविधायें यहाँ उपलब्ध होंगी।

छतीसगढ़ राज्य का स्टील सिटी के नाम से विख्यात भिलाई शहर शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं का बड़ा केंद्र भी है। यहां देश के सभी हिस्सों के निवासियों की अच्छी ख़ासी बसाहट है, इसलिए भिलाई शहर को मिनी भारत भी कहा जाता है। यहां पर आसपास बहुत सारे पर्यटन स्थल है, जिसमें छतीसगढ़ का खजुराहों के नाम से प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर, कला एवं संस्कृति की नगरी खैरागढ़ सहित अनेक पर्यटन स्थल अवस्थित है। भिलाई पावर हाउस स्टेशन में यात्री सुविधाओं का विकास आनेवाले दिनों में यहां के पर्यटन को नई ऊंचाई प्रदान करेगा। इससे यात्रियों के लिये आरामदायक व सुलभ यात्रा के साथ ही साथ उन्हें नया यात्रा अनुभव प्राप्त होगा तथा संस्कृति, पर्यटन और व्यापार में भी व्यापक विस्तार होगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्री सुविधा एवं विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी उन्नत और आधुनिक यात्री सुविधा के कार्य जारी रहेंगे, जिसका एक महत्वपूर्ण प्रतीक भिलाई पावर हाउस स्टेशन के पुनर्विकास के कार्य हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### लकड़बग्घे ने ग्रामीण पर हमला किया

**कोण्डागांव(विश्व परिवार)।** कोण्डागांव जिले के माकड़ी अंतर्गत आने वाले गांव उल्लेरा में लकड़बग्घे ने ग्रामीण पर हमला कर उसे बुरी तरह से घायल हो गया है। घायल ग्रामीण को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार विकासखंड माकड़ी के उल्लेरा गांव निवासी राम प्रसाद मरकाम (37) 5 मार्च की देर रात अपने घर के पास गली से गुजर रहा था तभी अचानक एक लकड़बग्घा वहां आया और राम प्रसाद पर हमला कर दिया। इस हमले में राम प्रसाद के सिर व अन्य जगहों पर गंभीर चोटे आई हैं। राम प्रसाद के हल्ला करने के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों की वजह से लकड़बग्घा डर कर भाग गया। जिसके बादा ग्रामीणों ने तत्काल उसे उपचार के लिए कोण्डागांव के जिला अस्पताल में दाखिल करवाया। डॉक्टरों के अनुसार रामप्रसाद के सिर पर गंभीर चोट है किंतु राम प्रसाद की हालत खतरे से बाहर है। फिलहाल उसका जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

### सहायक ग्रेड-2 एसएम शर्मा तत्काल प्रभाव से निलंबित

**सुकमा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री एस. हरिस द्वारा सहायक ग्रेड 02 कार्यालय जनपद पंचायत सुकमा वर्तमान में संलग्न जिला पंचायत सुकमा श्री एसएम शर्मा के विरुद्ध प्राप्त शिकायत के जांच कराने पर जांच प्रतिवेदन में प्रथम दृष्टया शिकायत सत्य पाये जाने के कारण संबंधित का कृत्य छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा आचरण नियम 1998 के विपरित पाये जाने के कारण छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील नियम)1999 के तहत श्री एसएम शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में सम्बन्धित कर्मचारी को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। उक्त निलम्बित कर्मचारी के विरुद्ध विभागीय जांच संस्थित कर डिप्टी कलेक्टर सुश्री मधु तेता को जांचकर्ता अधिकारी तथा जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुश्री बिस्मिता पाटले को प्रस्तुतकर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

### बेवजह विवाद करने वाला गिरफ्तार

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** जिले मे अपराधों की रोकथाम एवं गुंडे बदमाशों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस विभाग द्वारा जिले मे लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम मे थाना घूमका पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा,अनुविभागीय पुलिस अधिकारी दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में थाना घूमका पुलिस ने थानाक्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोहंदी मे लड़ाई झगड़ा कर बेवजह विवाद करने वाले व्यक्ति नरेश कुमार साहू निवासी मोहंदी को धारा 151 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत गिरफ्तार किया गया एवं क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु उसके खिलाफ अलग से धारा 107,116(3) दंड प्रक्रिया संहिता के तहत प्रतिबंधित कार्यवाही कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राजनांदगाव के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

### कलेक्टर ने जिला कोषालय का किया निरीक्षण

**कांकेर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया तथा स्ट्रांग रूम में रखे हुए जनरल स्टाम्प, नोटरी, रेवेन्यू एवं बहुमूल्य वस्तुओं का भौतिक सत्यापन किया। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर श्री प्रखर चन्द्राकर एवं जिला कोषालय अधिकारी श्री रामानंद कुंजाम सहित कोषालय के स्टाफ मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर द्वारा वर्ष में दो बार जिला कोषालय का निरीक्षण किया जाता है। इसी कड़ी में आज कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जिला कोषालय का निरीक्षण किया गया।

### यात्री बस ने महिला को कुचला,मौत

**जशपुर(विश्व परिवार)।** जिले के पत्थलगांव में यात्री बस की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका का नाम सेवती बाई बताया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार घटना बुधवार शाम की है। सेवती बाई नामक महिला पैदल कहीं जा रही थी इसी दौरान पत्थलगांव के पालिडीह चौक में पीछे से आ रही एक यात्री बस ने सेवती बाई को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए अम्बिकापुर रिफर किया गया था किंतु महिला ने रास्ते में दम तोड़ दिया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पत्थलगांव थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

# कलेक्टर कुणाल ने बनियागांव में आयुष केंद्र एवं पीएम आवास निर्माण का किया निरीक्षण

## बनियागांव में स्थित हेंड पम्प के निकट सोख्ता गड्ढा बनाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

**कोण्डागांव(विश्व परिवार)।** गुरुवार को कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा बनियागांव, दहिकोंगा, बंजोड़ा का दौरा किया गया। इस दौरान वे सर्वप्रथम बनियागांव स्थित आयुष केंद्र पहुंचे। जहां उन्होंने केंद्र में अव्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए ओपीडी में मरीजों की पंजी की जांच की। जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्मित पानी टंकी का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने उसे 22 मार्च तक समस्त कार्यों को पूर्ण कराकर संचालन प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ठेकेदार से कार्य तेजी लाने हेतु निर्देशित करते हुए समय पर कार्य ना होने पर ठेकेदार पर शास्ति लगाने के निर्देश दिए। बनियागांव में पीडीएस भवन का निरीक्षण करते हुए उन्होंने बिजली कनेक्शन न होने पर आरईएस के अधिकारियों से नाराजगी जताते हुए जल्दी बिजली कनेक्शन पूर्ण



करने के हेतु निर्देशित किया। बनियागांव आंगनबाड़ी निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों के लिए पेयजल की उचित व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिए। बनियागांव में स्थित हेंड पम्प के निकट सोख्ता गड्ढा बनाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। बनियागांव सहकारी बैंक में आयी महिलाओं से चर्चा में महिलाओं ने बताया कि वे महतारी वंदन योजना हेतु केवाईसी अपडेट कराने आयी है। जिस पर कलेक्टर ने वृद्धों एवं निसहाय लोगों का कार्य प्राथमिकता से कराने के लिए निर्देशित किया। बनियागांव में पीएम आवास योजनांतर्गत निर्माणाधीन घरों का कलेक्टर ने निरीक्षण किया। जिसमें वे सामबती पोयाम के घर पहुंचे जहां सामबती से चर्चा के दौरान उसने बताया कि उन्हें पीएम आवास के तहत घर बनाने के लिए तीन किस्तों में राशि प्राप्त हो चुकी है एवं घर का निर्माण पूर्ण करने हेतु अतिरिक्त राशि की आवश्यकता है। जिस पर कलेक्टर ने अधिकारियों को होली के पूर्व चैथी किस्त सामबती को उपलब्ध कराकर गृह निर्माण पूर्ण कराने के निर्देश दिये। एक अन्य पीएम आवास हितग्राही सुखराम पोयाम के घर पहुंच कलेक्टर ने अपूर्ण घर के छत के कार्य को पूर्ण करने हेतु सुखराम से चर्चा करते हुए जल्द से जल्द पूर्ण कराने को कहा। अन्य हितग्राही ब्रम्हा बघेल ने पीएम आवास के तहत घर का कार्य पूर्ण होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कलेक्टर को अपने घर को दिखाया।

### आगजनी पर नियंत्रण के लिए तैयारी

**कोरबा(विश्व परिवार)।** गर्मी की आहट के साथ कई प्रकार की चुनौतियां भी सामने हैं। इस मौसम में अलग-अलग कारणों से होने वाली आगजनी की घटनाओं मैं लोगों को भारी नुकसान झेलना पड़ जाता है। इन घटनाओं की रोकथाम को लेकर छत्तीसगढ़ अग्निशमन विभाग की ओर से मॉक ड्रिल के साथ आवश्यक तैयारियां की गई है। अग्निशमन से संबंधित संसाधनों का परीक्षण करते हुए खामियों को दूर किया जा रहा है। बताया गया कि फायरफाइटर के साथ-साथ सभी प्रकार के इक्विपमेंट्स बेहतर किए जा रहे हैं। ऐसे कार्यों को संपादित करने वाली टीम को महाराष्ट्र के मलाड सहित अन्य क्षेत्रों से प्रशिक्षण दिलवाया गया है। दूसरी और जंगलों में लगने वाली आग पर नजर रखने और रोकथाम के लिए वन प्रबंधन समितियां को विभाग ने आवश्यक निर्देश दिए हैं।

# कलेक्टर ने गोलावण्ड एकलव्य छात्रवास में अव्यवस्था पर अधीक्षिका पर कार्रवाई के दिए निर्देश

**कोण्डागांव(विश्व परिवार)।** गुरूवार को कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा गोलावण्ड स्थित एकलव्य आवासीय आदर्श विद्यालय एवं छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय एवं छात्रावास के कक्षों का निरीक्षण किया तथा स्कूल के शिक्षकों से व्यवस्था के संबंध में चर्चा की। लाइब्रेरी के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किताबें वितरण पंजी का मुआयना करते हुए लाईब्रेरी में माध्यमिक कक्षाओं हेतु पुस्तकों की उपलब्धता न होने पर प्राचार्य को विद्यालय के सभी स्तरों के बच्चों हेतु किताबों की व्यवस्था करने हेतु निर्देश दिये। विद्यालय कक्षों के अवलोकन के



दौरान कलेक्टर ने शिक्षकों के स्मार्ट टीवी संचालन के कौशल की भी जांच करते हुए सभी को स्मार्ट टीवी संचालन हेतु प्रशिक्षण देने हेतु निर्देशित किया। इसके उपरांत उन्होंने बालिका छात्रावास के कक्षों में जाकर विद्युत उपकरणों की जांच करते हुए उपकरणों के खराब होने एवं मच्छरदानी लगाने के लिए उचित व्यवस्था न होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बच्चों से गणवेश, जुते वितरण एवं शिक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। जिसमें बच्चों द्वारा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए खाने के मैन्यू के संबंध में भी पूछे जाने पर जानकारी दी। जिसमें मैन्यू अनुसार भोजन न दिये जाने तथा किचन में पानी की उचित व्यवस्था न होने, हॉस्टल में टीवी एवं सीसी टीवी के खराब होने, विजिटर पंजी के उचित तरीके से संधारित न करने, बच्चों को खेल सामाग्री वितरित न करने पर रोष व्यक्त करते हुए कलेक्टर ने प्राचार्य एवं अधीक्षिका को कड़ी चेतावनी देते हुए दो दिनों के भीतर व्यवस्था सुधार करने को कहा तथा बालिका छात्रावास में अव्यवस्था को देखते हुए अधीक्षिका पर कड़ी कार्यवाही करते हुए उसे निलंबित करने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये।

# पत्नी से प्रेम संबंध के शक में पति ने कराई थी सुपारी किलिंग,तीन गिरफ्तार

**बलरामपुर(विश्व परिवार)।** जिले में रामचंद्रपुर थाना अंतर्गत एक युवक की बेरहमी से गला रेतकर की गई हत्या मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। युवक की हत्या का मुख्य कारण शादीशुदा महिला से प्रेम प्रसंग था जिसके चलते महिला के पति ने दो लोगों को सुपारी देकर युवक ही हत्या करवा दी। बता दें कि बलरामपुर के रामचंद्रपुर थाना अंतर्गत ग्राम तिलाजु आनंदपुर मार्ग में बलवा डामर जंगल के पास 6 मार्च को एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली थी जिसकी गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू किया, जिसमें मृतक की पहचान जमशेद अंसारी उम्र 24 वर्ष आनंदपुर निवासी के रूप में हुई। मृतक जमशेद अंसारी मंगलवार यानी 5 मार्च को एक शादी समारोह में गया हुआ था। जहां से वह रात में घर नहीं लौटा था और अगले दिन सुबह सड़क किनारे जंगल में उसकी लाश मिली। वहीं इस घटना से ग्रामीण काफी नाराज हुए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए रामानुजगंज-रामचंद्रपुर मार्ग को जाम कर दिया था। मामले में पुलिस हत्यारों की तलाश में जुटी हुई थी। और जांच के बाद आखिरकार पुलिस ने हत्या करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी अशरफ अंसारी सहित मकसूद आलम तथा इकरार अंसारी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये मुख्य हत्यारे अशफाक ने पुलिस को बताया कि मृतक युवक का उसकी पत्नी के साथ प्रेम संबंध होने का शक था। जिसके चलते अशरफ अंसारी ने दो सहयोगियों को 1 लाख 80 हजार रुपये में युवक की हत्या की सुपारी दी थी।

# बिना सुरक्षा गार्ड वाले एटीएम रात को रहेंगे बंद सुरक्षित जगह पर रखें सीसीटीवी रिकॉर्डर

**कोरबा(विश्व परिवार)।** विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे अपराध को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने बैंकों और एटीएम की सुरक्षा बढ़ाने पर जोर दिया है। दर्री क्षेत्र में संचालित बैंकों के प्रबंधन के साथ पुलिस ने बैठक ली। उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा गया कि हर हाल में ऐसे सभी पॉइंट पर बैंकों को काम करना होगा। सब डिवीजन पुलिस दर्री के अंतर्गत संचालित हो रहे सरकारी और निजी बैंकों के प्रबंधन को सूचित करने के साथ उन्हें बैठक में उपस्थित कराया गया। पुलिस के अधिकारियों ने बैठक में कई बिंदुओं पर विस्तार से बातचीत की। इस अवसर पर स्पष्ट शब्दों में कहा गया कि बैंकों में सुरक्षा इंतजाम बेहद खड़े होने चाहिए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। कोई भी महिला या पुरुष नकाब पहनकर बैंक या एटीएम में प्रवेश न करने पाए, या सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। कुछ स्थानों पर हुई घटनाओं को ध्यान में रखा गया है और इसी लिहाज से कहा गया है कि खास तौर पर ऐसे एटीएम रात्रि में बंद रखे जाएं जहां पर सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था नहीं हो सकती है। इनका संचालन केवल दिन में ही किया जाए ताकि किसी प्रकार की अनहोनी की आशंका न रहे। पुलिस ने बैंकों का जायज लेने के साथ वहां पर सुरक्षा को लेकर किए गए प्रयासों को देखा। वहां पर इंस्टॉल किए गए सायरन के साथ-साथ हाई फ्रीक्वेंसी वाले सीसीटीवी कैमरे की स्थिति जानी गई। सुरक्षा ऑडिट को लेकर यह सब कोशिश पुलिस की ओर से की जा रही है। बैंक प्रबंधन से कहा गया कि वे सीसीटीवी कैमरा के रिकॉर्डर को अत्यंत सुरक्षित जगह पर रखें ताकि उसकी उपयोगिता बरकरार रहे।

# सामाजिक तनाव वाले आवंटित भूमि रद्द हो-सिन्हा

**कोरबा(विश्व परिवार)।** सामाजिक कार्यकर्ता विनोद सिन्हा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कोरबा कलेक्टर से मांग कि है कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस शासन काल में शासकीय भूमि जिस पर 100 वर्षों से अधिक समय से काबिज मसीही समाज की भूमि को दो समाजों में तत्कालीन राजस्व मंत्री द्वारा आवंटित कराया गया था जो गलत है ऐसे भूमि से जहां समाज के बीच विद्वेष ,तनाव व शांति भंग हो ऐसे आवंटित भूमि को रद्द करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाए क्योंकि कोरबा के 90: भूमि कोरबा के रानी जो अनुसूचित जनजाति से है तथा एसईसीएल द्वारा अधिग्रहित भूमि है कोयला निकालने के बाद खाली भूमि पर हजारों लोगों का शासकीय भूमि पर कब्जा है ऐसी स्थिति में मसीही समाज मिशन रोड में सन 1919 के पूर्व से चर्च की स्थापना व मसीही समाज की गतिविधियों का केंद्र रहा है जिसमें ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भी स्थापित है ।ऐसे भूमि जो 100 वर्षों से अधिक समय से मसीही समाज के अधीनस्थ है जिसे बिना रिक्त कराए छत्तीसगढ़ शासन को किसी अन्य समाज को आवंटित करने का अधिकार गैरकानूनी है। शासकीय भूमि पर जो भी व्यक्ति काबिज रहता है उसे परिस्थितियों के आधार पर खाली करने का शासन को अधिकार है लेकिन किसी समाज द्वारा 100 वर्षों से शासकीय भूमि पर काबिज है तो उसे अन्य समाज को आवंटित करने के बजाय काबीज रहने वाले समाज को ही आवंटित करना चाहिए। सिन्हा ने आगे बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नवम्बर 2023 कोरबा के एक सार्वजनिक सभा में कहा था कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस शासन में आवंटित शासकीय भूमि रद्द किए जाएंगे जिला प्रशासन को चाहिए कि तीन समाजों के बीच टकराव व तनाव रोकने के लिए विवादित भूमि का आवंटन रद्द करने की प्रक्रिया प्रारंभ करें ताकि शांतिप्रिय कोरबा तनाव मुक्त रहे।

# कलेक्टर अभिजीत ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बैंकों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

**उत्तर बस्तर कांकेर(विश्व परिवार)।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक आज कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री बीमा योजनाएं, प्रधानमंत्री जन धन योजना, अटल पेंशन योजना सहित शासकीय ऋण योजनाओं में प्रगति और शासकीय प्रायोजित योजनाओं में बैंकिंग सहभागिता की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने बैंकों में लंबित प्रकरणों को देखते हुए सभी बैंक अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासकीय प्रायोजित योजनाओं एवं हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत ऋण स्वीकृति में तेजी लाएं। उन्होंने आरसेटी के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद बहुत कम संख्या में



स्वरोजगार शुरू करने की जानकारी देने पर जरूरतमंद लोगों को ही प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केवल लक्ष्य पूरा करने के लिए प्रशिक्षण न कराएं। बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों का खाता खोलने एवं बैंक लिंकेज करने, आदिवासी स्वरोजगार, जिला व्यापार व उद्योग केन्द्र तथा खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित स्वरोजगार योजना सहित अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में ऋण स्वीकृति एवं वितरण की प्रगति की भी कलेक्टर द्वारा विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने बैंकों के द्वारा लक्ष्य के अनुरूप ऋण स्वीकृत और अपेक्षित प्रगति भी नहीं होने पर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### खून से सनी मिली सात वर्षीया बच्ची की लाश

**कवर्धा(विश्व परिवार)।** कवर्धा के काटा मारी क्षेत्र में गुरूवार को खून से लथपथ 7 साल की बच्ची का शव मिला है। बच्ची अपने घर से खेलने के लिए निकली थी जो फिर वापस नही लौटी। मामले में पुलिस ने एक संदेही को गिरफ्तार किया है जिससे पुछताछ की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के टाटीगांव में रहने वाली सात वर्षीया कविता अपने घर से सुबह 9 बजे भोजन करने के बाद खेलने गांव के तरफगई हुई थी। देर तक घर नहीं पहुंचने पर परिजन और ग्रामीणों ने उसकी तालाश शुय की। इस दौरान कविता की लाश गांव के बाड़ी में खून से सनी मिली। जिससे लोगों में दहशत फैल गई। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काला पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मामले की जांच में जुट गई है। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर एक वनकर्मी को गिरफ्तार किया है तथा उससे पुछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार पत्थर से कुचलकर बच्ची की हत्या की गई है। वहीं इस मामले में ग्रामीणों का कहना है कि इस इलाके में नक्सलियों की धमक है इसलिए यह इलाका बेहद संवेदनशील है।

## व्यापार समाचार

### सेंसेक्स पहली बार 74 हजार के शिखर पर पहुंचा, अंतिम 1,000 अंक की रैली में 37 सत्र लगे

**मुंबई ( एजेंसी )।** सेंसेक्स 409 अंक उछलकर पहली बार 74,000 अंक के ऊपर बंद हुआ। सेंसेक्स 409 अंक या 0.55 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,085.99 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50 118 अंक या 0.53 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,474.05 पर बंद हुआ, दोनों अपने नए समापन शिखर पर बंद हुए। 15 जनवरी को आखिरी मील का पत्थर हासिल करने के बाद से सेंसेक्स ने 37 सत्रों में इसे हासिल किया है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के वरिष्ठ निवेश रणनीतिकार श्रीराम बी.के.आर. ने कहा, 1000 अंक की रैली के नवीनतम चरण में कुल बाजार पूंजी लगभग 15.3 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। 2 मार्च को 394 लाख करोड़ रुपये की नई ऊंचाई पर पहुंचने के बाद बीएसई का कुल बाजार पूंजीकरण 391.3 लाख करोड़ रुपये बताया गया, जो 400 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े से कुछ लाख करोड़ कम है। सेंसेक्स का नवीनतम 5,000 अंक का मील का पत्थर 69,000 से निकलकर लगभग 65 सत्रों या 3.1 महीनों में हुआ। विश्लेषक के अनुसार, 64,000 से नवीनतम 10,000 अंक का मील का पत्थर 172 सत्रों या 8.3 महीनों में हुआ। जनवरी 2018 में सूचकांक को 35,000 अंक के मील के पत्थर पर चढ़ने में 32.1 साल लग गए। श्रीराम ने कहा, अगले 35,000 अंक अगले 5.9 वर्षों में जुड़ गए ( 100 प्रतिशत की वृद्धि )। इसे जनता के सामने आने वाले नए मुद्दों और लिस्टिंग के साथ-साथ सूचीबद्ध शेयरों की कीमत में बढ़ोतरी से सहायता मिली। दिसंबर 2023 को समाप्त तीन महीनों के दौरान भारत की जीडीपी 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जो दुनिया की सभी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है। बुधवार को जारी क्रिसिल की इंडिया आउटलुक रिपोर्ट के मुताबिक, देश की आर्थिक प्रगति को घरेलू संरचनात्मक सुधारों और चक्रीय कारकों से समर्थन मिलेगा। क्रिसिल का अनुमान है कि 2031 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखते हुए भारत संभावित रूप से अपनी विकास संभावनाओं को भी पार कर सकता है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा कि यह विकास प्रक्षेपवक्र भारत को 2031 तक उच्च मध्यम-आय का दर्जा प्राप्त करने की स्थिति में रखता है, जिससे अर्थव्यवस्था दोगुनी होकर 7 ट्रिलियन डॉलर होने की उम्मीद है। आम तौर पर भारत को प्रमुख विश्व अर्थव्यवस्थाओं के बीच एक 'ब्राइट स्पॉट' के रूप में देखा जाता था, जिससे इक्विटी में रिकॉर्ड विदेशी प्रवाह होता था, जिससे बाजारों को ऊंचे स्तर पर पहुंचने में मदद मिलती थी। श्रीराम ने कहा, बाजार आगे बढ़ते हुए वित्तवर्ष 2024 के लिए भारतीय कॉर्पोरेट के मूल्यांकन प्रक्षेप पथ और आय वृद्धि व आगामी आम चुनाव से संबंधित घटनाक्रम पर नजर रखना जारी रखेंगे।

### गूड न्यूज : इस साल 9.6 प्रतिशत तक बढ़ सकती है आपकी सैलरी

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** एक रिपोर्ट में जानकारी सामने आई है कि भारत में कंपनियों को 2024 में औसतन 9.6 प्रतिशत वेतन वृद्धि की उम्मीद है, जो पिछले साल देखी गई वास्तविक वृद्धि के समान है। कंसल्टेंसी फर्म ईवाई ने रिपोर्ट में यह भी कहा कि कुल मिलाकर नौकरी छोड़ने की दर पिछले साल 2022 में 21.2 फीसदी से घटकर 18.3 फीसदी हो गई और अगले कुछ वर्षों में इसमें धीरे-धीरे गिरावट आने की संभावना है। ई-कॉमर्स में 2024 में सबसे अधिक वेतन वृद्धि 10.9 प्रतिशत होने की उम्मीद है, इसके बाद वित्तीय सेवाओं में 10.1 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि होगी। बुधवार को आई एक प्रेस रिलीज में पता चला है कि पेशेवर सेवाओं का वेतन 2024 में 10 प्रतिशत बढ़ने वाला है, जो एक बदलाव का संकेत देता है क्योंकि कंपनियां वैश्विक व्यापार जटिलताओं से निपटने के लिए रणनीति संरेखण में निवेश करती हैं। एक उभरते क्षेत्र के रूप में रियल एस्टेट और बुनियादी ढांचे का प्रभाव भी दिखाई दे रहा है, क्योंकि इस क्षेत्र में बतन वृद्धि 10 प्रतिशत पर स्थिर रहेगी। यह रिपोर्ट विभिन्न क्षेत्रों की 80 फर्मों के इनपुट पर आधारित है और उनके कर्मचारियों का औसत आकार 5,000 से 10,000 के बीच था। इसमें कहा गया है कि इंडिया 2024 में औसतन 9.6 प्रतिशत वेतन वृद्धि के लिए तैयार है, जो 2023 में वास्तविक वृद्धि के समान है। रिपोर्ट के अनुसार, नियोक्ताओं के लिए फोकस के शीर्ष तीन क्षेत्र लाभ लागत योजना (43 प्रतिशत), कर्मचारी कल्याण (29 प्रतिशत), और उद्योग मानकों के साथ मूल्यांकन और संरेखित करना (20 प्रतिशत) हैं। परिवर्तनीय वेतन योजना (गैर-बिक्री) संगठन में दी जाने वाली सबसे आम प्रकार की प्रोत्साहन योजनाएं हैं जिसमें 43 प्रतिशत पर दिया जाता है। इसके बाद विवेकाधीन प्रोत्साहन (32 प्रतिशत) और बिक्री प्रोत्साहन योजना (21 प्रतिशत) को रखा गया है।

### उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में निफ्टी पहुंचा नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर

**मुंबई ( एजेंसी )।** बेहद उतार-चढ़ाव भरे सत्र के बाद निफ्टी नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचकर हरे निशान में बंद हुआ। दोपहर बाद निफ्टी में तेज रिकवरी आई। निफ्टी 118 अंक या 0.53 प्रतिशत बढ़कर 22,474.05 पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के रिटेल रिसर्च प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि निजी बैंकों, आईटी और हेल्थकेयर शेयरों ने निफ्टी की बढ़त में योगदान दिया। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि घरेलू इक्विटी ने मामूली ठहराव के बाद वापसी की और नई ऊंचाई को छू लिया। बैंकिंग, आईटी, हेल्थकेयर और ऑटो शेयरों में खरीददारी से तेजी को समर्थन मिला। खेमका ने कहा कि हालांकि, व्यापक बाजार में निफ्टी मिडकैप 100 में 0.5 फीसदी और निफ्टी स्मॉलकैप 100 में 2 फीसदी की गिरावट के साथ बिकवाली जारी रही। निजी बैंकों के गति पकड़ने और सूचकांक का समर्थन करने के साथ बाजार में सेक्टोरल रोटेशन देखा गया। आईआईएफएल और जेएम फाइनेंशियल के खिलाफ आरबीआई की कार्रवाई के बाद एनबीएफसी दबाव में आ गई। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि निकट भविष्य में लार्जकैप बाजार को आगे बढ़ाएंगे, जबकि मिडकैप और स्मॉलकैप दबाव में रह सकते हैं। वैश्विक मोर्चे पर, यूएस फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल का बुधवार रात का भाषण महत्वपूर्ण होगा। इससे नीति को लेकर कुछ संकेत मिलेंगे। खेमका ने कहा कि इसके अलावा, निवेशक अमेरिकी जॉब डेटा पर भी नजर रखेंगे, जो ब्याज दर निर्णय के दृष्टिकोण से अधिक संकेत प्रदान करेगा।

# आईपीएल के बाद रिटायर हो सकते हैं दिनेश कार्तिक



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक आईपीएल करियर को समाप्त करने के लिए तैयार हैं। कार्तिक रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के लिए अपना आखिरी आईपीएल सीजन खेलेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, कार्तिक अपने अंतरराष्ट्रीय भविष्य पर भी जल्द ही अंतिम फैसला लेंगे। विकेटकीपर-बल्लेबाज, जिन्होंने दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) के साथ अपनी आईपीएल यात्रा शुरू की, उन सात खिलाड़ियों की एक प्रतिष्ठित सूची में शामिल हैं, जिन्होंने 2008 में इसकी शुरुआत के बाद से हर आईपीएल सीज़न में भाग लिया है। इस लिस्ट में एमएस धोनी, विराट कोहली, रोहित शर्मा, शिखर धवन, रिद्धिमान साहा और मनीष पांडे जैसे प्रसिद्ध नाम शामिल हैं। कार्तिक आईपीएल के अब तक हुए 16 सीजन में केवल दो मैचों को ही मिस किए हैं। वह अपने पहले सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ नहीं खेल पाए थे। वहीं दूसरा मैच पिछले साल यानी 2023 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लीग मैच था जिसमें वह बाहर बैठे थे। आरसीबी के साथ कार्तिक का वर्तमान कार्यकाल बेंगलुरु स्थित फेंचाइजी के साथ उनका दूसरा कार्यकाल है। उन्होंने 2015 में उनके साथ खेला था, जब उन्हें 10.5 करोड़ रुपये में खरीदा गया था। लीग के 2022 संस्करण से पहले उन्हें केकेआर द्वारा रिलीज़ किया गया था और वह आईपीएल मेगा नीलामी के लिए उपलब्ध थे। उन्हें आरसीबी ने 5.5 करोड़ रुपये में खरीदा था। कुल मिलाकर, उन्होंने अपने आईपीएल करियर के दौरान छह टीमों का प्रतिनिधित्व किया है। 2011 में किंग्स इलेवन पंजाब में जाने से पहले उन्होंने 2008 में दिल्ली डेयरडेविल्स के साथ शुरुआत की। 2014 में दिल्ली वापस जाने से पहले उन्होंने मुंबई इंडियंस के साथ दो सीज़न बिताए। आरसीबी ने उन्हें 2015 में हासिल किया और वह 2016 और 2017 में गुजरात लायंस के लिए खेले। जबकि केकेआर के साथ कार्तिक ने चार सीज़न बिताए। आरसीबी 23 मार्च को अपने घरेलू मैदान एम ए चिदंबरम स्टेडियम में गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टूर्नामेंट का पहला मैच खेलेगी।

## एलन मस्क अब एक्स में करेंगे बड़ा बदलाव

**यूजर्स के टाइमलाइन से हटाएंगे लाइक और रीपोस्ट**



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** एलन मस्क ने गुरुवार को कहा कि वह यूजर्स के फीड से लाइक और रीपोस्ट हटाने जा रहे हैं। अब यूजर्स की टाइमलाइन पर केवल व्यू काउंट दिखाई देंगे। एक्स यूजर ने इस निर्णय की आलोचना करते हुए कहा कि यह मूर्खतापूर्ण है और यह लोगों के जुड़ाव को कम कर देगा। प्रसिद्ध एक्स हैंडलर डोगेडिज़ाइनर ने सबसे पहले पोस्ट किया था कि एक्स फ़ीड से लाइक और रीपोस्ट की गिनती हटाने पर विचार कर रहा है। मस्क ने जवाब दिया कि यह निश्चित रूप से हो रहा है। यह आइडिया एक्स यूजर्स को पसंद नहीं आया। एक यूजर ने टिप्पणी की, इससे जुड़ाव कम होगा, क्योंकि लोग उन पोस्टों से जुड़ते हैं, जिन्हें वे देख सकते हैं कि उन्हें बड़ी संख्या में लाइक मिल रहे हैं। एक अन्य ने पोस्ट किया कि यह अत्यधिक मूर्खतापूर्ण होगा और जुड़ाव को बहुत कम कर देगा और इससे कुछ भी हासिल नहीं होगा। एक एक्स यूजरर ने सुझाव दिया कि मस्क को एक नापसंद बटन जोड़ना चाहिए। मस्क ने हाल ही में घोषणा की कि एक्स यूजर्स के पास जल्द ही वह सुविधा होगी, जो उनके फॉलोवर को पिन किए गए पोस्ट देखने की अनुमति देगी। एक पोस्ट में, टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ने कहा कि यह सुविधा हर 48 घंटे में एक पिन की गई पोस्ट की अनुमति देगी।

## अश्विन से सीखा, नए कौशल सीखने का कोई अंत नहीं : शुभमन गिल



**धर्मशाला( एजेंसी )।** भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज के 5वें और आखिरी मैच में रविचंद्रन अश्विन ने 100 टेस्ट खेलने की खास उपलब्धि अपने नाम की। इस मौके पर शीर्ष क्रम के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि उन्होंने भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर से सीखा है कि नए कौशल सीखने का कोई अंत नहीं है। नवंबर 2011 में डेब्यू करने वाले अश्विन भारत के लिए 100 टेस्ट मैच खेलने वाले 14वें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। अनुभवी ऑफ स्पिनर मुथैया मुरलीधरन के बाद 100 से कम टेस्ट मैचों में 500 विकेट हासिल करने वाले दूसरे गेंदबाज भी हैं। गिल ने कहा, वह एक शानदार, अद्भुत गेंदबाज है और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वह एक ऐसे व्यक्ति हैं, जो हमेशा अपने खेल में सुधार करना और नए कौशल जोड़ना चाहते हैं, चाहे वह बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी। मैंने उनसे एक बात सीखी है कि भले ही आप इतने सालों तक भारत के लिए खेले हैं। फिर भी आप अपने खेल में कुछ नया जोड़ना चाहते हैं और अपने कौशल में बदलाव लाना चाहते हैं। यही कारण है कि वह दुनिया के अब तक देखे गए सर्वश्रेष्ठ स्पिनरों में से एक है। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत श्रृंखला 4-1 से जीत सकता है। गिल ने कहा, हमने जो भी चार मैच खेले हैं उनमें ऐसे क्षण थे जब चीजें या तो 50-50 थी या कुछ दिन हम पीछे रह गए होंगे। लेकिन जिस तरह से टीम ने वापसी की है वह निर्णायक मोड़ है। जिस तरह से नए खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किया, वो शानदार है। मुझे लगता है कि वह निर्णायक मोड़ है।

## जियोनिक्स ने रायपुर में आईटी हार्डवेयर ब्रैंड में नए आईसीटी प्रॉडक्ट्स लॉन्च किए




**रायपुर।** उत्तर भारत में मशहूर और विविधता से भरपूर आईटी हार्डवेयर ब्रैंड जियोनिक्स ने छत्तीसगढ़ के बाजार में मजबूती से कदम रखा है इस हफ्ते जियोनिक्स ने रायपुर शहर में डीलरों के प्रमुख सम्मेलन का आयोजन किया जिसमें शहर और उसके आसपास की हर पार्टी के 150 से ज्यादा आईटी रिटेलर्स और कंसलटेंट्स मौजूद थे। इसके अलावा रायपुर के प्रमुख कंप्यूटर मार्केट मिलेनियम प्लाजा से आईटी के रिटेल और थोक व्यापारियों ने भी इस शानदार सम्मेलन में काफी उत्साह से हिस्सा लिया।

इस सम्मेलन में जियोनिक्स का प्रतिनिधत्व नेशनल सेल्स मैनेजर निखिल माहेश्वरी स्थानीय ब्रांच मैनेजर श्री निरंजन सेठी और मार्केटिंग हेड सौरभ डे ने किया सेठी ने प्रेस को बताया हमारे प्रॉडक्ट्स उपभोक्ताओं की तरह-तरह की जरूरतों को पूरा करते हैं और बेहद किफायती हैं। जियोनिक्स ने राज्य में अपने उपभोक्ताओं और डीलरों की संख्या को बढ़ाने के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किए हैं।'

जियोनिक्स ने क्षेत्र के लिए तरह-तरह की महत्वपूर्ण उप-श्रेणियों में नए आईसीटी प्रॉडक्ट्स लॉन्च किए जिसमें निगरानी, नेटवर्किंग, आईटी के सहायक उपकरण, कंप्यूटर गेमिंग, साउंड सिस्टम और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल है। इस सम्मेलन में शामिल हुए मेहमानों में आईसीटी कंसलटेंट्स, सिस्टम इंटिग्रेटर्स, होलसेलर्स, आईटी ऑफ्टरसेल्स सर्विस प्रोफेशनल, कुछ कॉरपोरेट एक्जीक्यूटिव और क्षेत्रीय वितरक शामिल थे।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ आईटी असोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव और खजांची भी मौजूद थे। उन्होंने स्मृति चिन्ह हासिल किया। इस अवसर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर अनोखा ज्ञानवर्धक सेशन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में आईटी के क्षेत्र में समकालीन नई तकनीकों और उपभोक्ताओं के टेंड्स पर चर्चा हुई। इस सम्मलेन में जियोनिक्स ने उपभोक्ताओं की बेहतर संतुष्टि के लिए राज्य में और ऑफ्टर-सेल्स सर्विस सेंटर्स खोलने की घोषणा की है। कंपनी के दिल्ली मुख्यालय के पदाधिकारियों ने भी सामाजिक हित के कार्यों और सीएसआर गतिविधियों में निवेश की इच्छा जाहिर की। इसके तहत अलग-अलग एनजीओ के माध्यम से आदिवासियों को कंप्यूटर ट्रेनिंग प्रदान करना शामिल है। इसके अलावा, कंपनी ने गरीब और वंचित श्रेणी के लोगों को जियोनिक्स ब्रांड के कंप्यूटर दान करने की घोषणा भी की।

### तीसरी तिमाही में कर बाद मुनाफा (PAT) 9.5% की वृद्धि के साथ बढ़कर 45.7 करोड़ रुपये हुआ

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत के अग्रणी ट्रैवल प्लेटफॉर्म ईजमायट्रिप.कॉम (EaseMyTrip.com) के का दमदार वित्तीय प्रदर्शन जारी है। वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में कंपनी का कुल राजस्व सालाना 18.1त्न की वृद्धि के साथ बढ़कर 1,607.9 मिलियन रुपये हो गया। वहीं एबिटा सालाना 10.9त्न की बढ़ोतरी के साथ 653.7 मिलियन रुपये रहा और कर बाद मुनाफा (पीएटी) सालाना 9.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बढ़कर 456.6 मिलियन रुपये हो गया। वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में कंपनी का सकल बुकिंग राजस्व (जीबीआर) 20,260.7 मिलियन रुपये रहा। एक सफल तिमाही के बाद, कंपनी ने ईसीओ होटल्स एंड रिसॉर्ट्स में लगभग 13त्न की हिस्सेदारी ली है, जिससे ऑनलाइन यात्रा सेवाओं से परे कंपनी के पोर्टफोलियो में विविधता आ गई। कंपनी का यह फैसला यात्रा और आतिथ्य क्षेत्र के भीतर पर्यावरण हितैषी व्यवहारों को बढ़ावा देते हुए ऑर्गेनिक और इन-ऑर्गेनिक विकास और स्थिरता के प्रति कंपनी की पहल को आगे बढ़ाता है। वहीं एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के तहत ईजमायट्रिप और उत्तराखंड सरकार ने लंदन में वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन के दौरान एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य उत्तराखंड की वैश्विक पर्यटन अपील को बढ़ाना है।

### 45 प्रतिशत महिलाओं ने बताया कि वे सरकार समर्थित योजनाओं से लाभ उठा रही हैं : पेनियरबाय वीमेन फिनांशियल इंडेक्स

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश में 50 लाख से अधिक खुदरा टचप्वाइंट वाले अग्रणी शाखा रहित बैंकिंग और डिजिटल नेटवर्क, पेनियरबाय के सर्वेक्षण से पता चलता है कि भारत में 63 प्रतिशत से अधिक महिलाएं अपना व्यवसाय शुरू करना चाहती हैं, जो वित्तीय स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता की तीव्र इच्छा को दर्शाती है। यह बात, खुदरा दुकानों पर महिलाओं द्वारा वित्तीय खपत को दर्शाने वाली अखिल भारतीय सर्वेक्षण रिपोर्ट, पेनियरबाय वीमेन फाइनेंशियल इंडेक्स (पीडब्ल्यूएफआई) के अंग के रूप में साझा की गई थी। कंपनी ने देश में 5,000 से अधिक खुदरा स्टोरों का सर्वेक्षण किया, जिसमें वहां दिखे महिला उपभोक्ताओं के वित्तीय लेन-देन को रिकॉर्ड किया गया। रिपोर्ट में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण की प्राथमिकता पर रोशनी डाली गई, जिसमें 95 प्रतिशत से अधिक महिला ग्राहक नकद निकासी के लिए एईपीएस का विकल्प चुनती हैं। नकद लेन-देन का पसंदीदा तरीका बना हुआ है, 48त्न महिलाएं इसके पक्ष में हैं, आधार-आधारित लेनदेन और यूपीआई क्यूआर कोड दहाई अंक में प्रगति पर हैं। इस खंड में कार्डों की उपस्थिति न्यूनतम बनी हुई है। विशेष रूप से, 18-30 साल की आयु की महिलाएं, उसके बाद 31-40 वर्ष की महिलाएं, डिजिटल रूप से सबसे अधिक कुशल हैं, जो वित्तीय लेनदेन के प्रति एक मज़बूत रुझान दिखाती हैं। दिलचस्प बात यह है कि 41 प्रतिशत महिलाओं ने उल्लेख किया कि वे अपने फोन पर किसी भी भुगतान ऐप का उपयोग नहीं करती हैं।

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1**
**(छत्तीसगढ़)**

**निविदा सूचना**

**(प्रथम आमंत्रण)**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| एन.आई.टी. क्र./सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रु. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 260/153338 | M.O.W. & OTHER DEPOSIT WORK FOR BUILDING WORK UNDER MAHILA & GENTS ITI SADDU SEC TION P.W.D. NIRMAN SUB. DIVISION -2 RAIPUR (C.G.) | रु. 25.00 लाख |
| 261/153341 | M.O.W. & OTHER DEPOSIT WORK FOR BUILDING WORK UNDER PT. J.N.M. MEDICAL COLLEGE & BSC. NURSING COLLEGE SECTION P.W.D. NIR-MAN SUB. DIVISION -2 RAIPUR (C.G.) | रु. 50.00 लाख |
| 262/153340 | SPECIAL REPAIR WORK FOR BUILDING WORK UNDER MAHILA & GENTS ITI SADDU SECTION P.W.D. NIRMAN SUB. DIVISION -2 RAIPUR (C.G.) | रु. 30.00 लाख |

**डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 25.03.2024 समय सायं 5.30 बजे तक**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है.

G- 08369/1

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. मंडल क्र.-1, रायपुर (छ.ग.)


छत्तीसगढ़ शासन
केंद्रीय रक्षा मंत्री
श्री राजनाथ सिंह का
छत्तीसगढ़ में
हार्दिक स्वागत और अभिनंदन
किसानों के कुंभ में मोदी की गारंटी की अमृत वर्षा
प्रति क्विंटल 3100 की दर से धान खरीद, किसानों के खाते में पूरी रकम
प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान की खरीदी
कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत 13000 करोड़ की सहायता
किसानों को 19,257 रुपए प्रति एकड़ आदान सहायता राशि
इस वर्ष रिकॉर्ड 145 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का उत्सव
धान का सर्वाधिक मूल्य मिलने से गांवों में आई समृद्धि
SAMVAD- 39966/ 27
मोदी की गारंटी
विष्णु का सुशासन
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क